रजिस्ट्री सं० डी एल (एन) 04/0007/2003—05 REGD. No. DL (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 49] नई दिल्ली, नवम्बर 28—दिसम्बर 4, 2004, शनिवार/अग्रहायण 7—अग्रहायण 13, 1926
No. 49] NEW DELHI, NOVEMBER 28—DECEMBER 4, 2004, SATURDAY/AGRAHAYANA 7—AGRAHAYANA 13, 1926

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications Issued by the Ministries of the Government of India (Other than the Ministry of Defence)

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2004

का.आ. 3066.—सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार निम्न तालिका के कॉलम 1 में उल्लिखित अधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय में राजपत्रित अधिकारी होने के नाते, उपर्युक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए सम्पदा अधिकारी नियुक्त करती है, जो उक्त तालिका के कॉलम 2 में तत्स्थानी प्रविष्टि में उल्लिखित सरकारी स्थान के संबंध में अपने क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाओं के भीतर उक्त अधिनियम द्वारा अथवा उसके अंतर्गत सम्पदा अधिकारी को दी गई शक्तियों का प्रयोग करेगा और उसे सौपे गए कार्यों को पूरा करेगा।

अधिकारी का पदनाम	सरकारी स्थान की श्रेणी/क्षेत्राधिकार की सीमाएँ
1	2
सहायक महा निरीक्षक (सम्पदा) विशेष सुरक्षा दस्ता, मंत्रिमंडल सचिवालय, नई दिल्ली।	(i) विशेष सुरक्षा दस्ता कॉम्पलैक्स सैक्टर 8, द्वारका, नई दिल्ली में विशेष सुरक्षा दस्ते के रिहायशी क्वार्टर (ii) विशेष सुरक्षा दस्ता कॉम्पलैक्स सैक्टर 8, द्वारका, नई दिल्ली में शॉपिंग काम्पलैक्स की दुकानें और परिसर। (iii) सम्पदा निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा विशेष सुरक्षा दस्ते के प्रशासनिक नियंत्रण में दिए गए रिहायशी क्वार्टर।

[सं. 13/16/2003-एस.एस.]

डी. सी. एस. राव, अवर सचिव (सुरक्षा)

CABINET SECRETARIAT

New Delhi, the 23rd November, 2004

S. O. 3066.—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Public Premises (Eviction of unauthorised

Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the officer mentioned in column 1 of the Table below, being a gazetted officer of the Cabinet Secretariat to be estate officer for the purpose of the said Act, who shall exercise the powers conferred and perform the duties imposed on estate officer by or under the said Act within the local limits of his jurisdiction in respect of the public premises specified in the corresponding entry in column 2 of the said table.

TABLE

Designation of the Officer	Category of Public Premises/ limits of jurisdiction
(1)	(2)
Assistant Inspector General (Estate), Special Protection Group, Cabinet Secretariat, New Delhi.	(i) Residential quarters of Special Protection Group in Special Protection Group Complex, Sector-8, Dwarka, New Delhi.
	(ii) Shops and premises of shopping complex in the Special Protection Group Complex, Sector-8, Dwarka, New Delhi.
	(iii) Residential quarters placed under administrative control of Special Protection Group by the Directorate of Estates, New Delhi.

[No. 13/16/2003-SS]

D.C.S. RAO, Under Secy. (Security)

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 19 नवम्बर, 2004

का.आ. 3067.—केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का अधिनियम सं. 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्नाटक राज्य सरकार की दिनांक 15-9-2004 की अधिसूचना सं. एच.डी. 147 पी.सी.आर. 2004 के अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के साथ पठित धारा 120-ख के अधीन दंडनीय अपराधों की जाँच के लिए कर्नाटक राज्य सरकार की सहमति से (i) मैसर्स डीजे डेकलैब ब्रीडर्स प्राईवेट लिमिटेड, ब्रिगेड रोड, बंगलौर, (ii) मैसर्स डीजे रॉस ब्रीडर्स प्राईवेट लिमिटेड, ब्रिगेड रोड, बंगलौर, (iii) श्री डेविड जे. लोबो, प्रबंध निदेशक, मैसर्स डीजे डेकलैब ब्रीडर्स प्राईवेट लिमिटेड, और मैसर्स डीजे रॉस ब्रीडर्स प्राईवेट लिमिटेड, बंगलौर, (iv) श्रीमती अलोमा लोबो, निदेशक मैसर्स डीजे डेकलैब ब्रीडर्स प्राईवेट लिमिटेड, और मैसर्स डीजे रॉस ब्रीडर्स प्राईवेट लिमिटेड, बंगलौर, तथा (v) अन्य के विरुद्ध, उनके कपटपूर्ण कृत्यों द्वारा बैंक ऑफ इंडिया, रिचमॉड टाऊन शाखा, बंगलौर के साथ और उक्त अपराधों के संबंध में किन्हीं अन्य लोक सेवकों या व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी करने संबंधी अपराधों की जाँच के लिए और उक्त अपराधों से संबंधित अथवा संसक्त उसी संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए अथवा उन्हीं तथ्यों से उद्भूत किन्हीं अन्य अपराधों के अन्वेषण के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तार सम्पूर्ण कर्नाटक राज्य पर करती है।

[सं० 228/83/2004-ए.वी.डी.-II]

बी. आर. नायडू, निदेशक

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

(Department of Personnel and Training)

New Delhi, the 19th November, 2004

S. O. 3067.—In exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of Section 5 read with Section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act No. 25 of 1946), the Central Government with the consent of State Government of Karnataka, vide Notification No. HD 147 PCR 2004 dated 15-09-2004 hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Karnataka for investigation of offences punishable under Section 120-B read with 420, of the Indian Penal Code, and substantive offences thereof against (i) M/s Deejay Deklab Breeders Pvt. Ltd., Brigade Road, Bangalore (ii) M/s Deejay Ross Breeders Pvt. Ltd., Brigade Road, Bangalore (iii) Shri David J. Lobo, Managing Director of M/s Deejay Deklab Breeders Pvt. Ltd., and M/s Deejay Ross Breeders Pvt. Ltd., Bangalore (iv) Smt. Aloma Lobo, Director of M/s Deejay Deklab Breeders Pvt. Ltd., and M/s. Deejay Ross Breeders Pvt. Ltd., Bangalore (v) and other for cheating Bank of India, Richmond Town Branch, Bangalore by their fraudulent acts, and any other public servants or persons in relation to, or in connection with the said offences, and any other offences committed in the course of the same transaction or arising out of the same facts.

[F. No. 228/83/2004-AVD.-II]

B. R. NAIDU, Director

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2004

का.आ. 3068.—केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम सं. 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एडवोकेट श्री एस. के. सक्सेना को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अंबाला की अदालत में मामला

संख्या आरसी 1 (एस)/2002/एसआईयू-V/एसआईसी-II/सीबीआई, नई दिल्ली में अपील तथा पुनरीक्षण न्यायालय में अपीलों, पुनरीक्षणों और उनसे संबंधित अथवा आनुषंगिक किसी अन्य मामले में अभियोजन का संचालन करने के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है।

[सं० 225/39/2004-एवीडी-II]

बी. आर. नायडू, निदेशक

New Delhi, the 23rd November, 2004

S. O. 3068.—In exercise of the powers conferred by Sub-section (8) of Section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (Act No. 2 of 1974) the Central Government hereby appoints Shri S.K. Saxena, Advocate as Special Public Prosecutor for conducting prosecution in the case No. RC-1/S/2002-SIU-V/SIC.II/New Delhi (Wadhwa murder case) in the Court of Additional District and Sessions Judge, Ambala and appeals, revisions in the appellate or revisional court(s) and any other matter concerned therewith or incidental thereto in any other Court.

[No. 225/39/2004-AVD-II]

B. R. NAIDU, Director

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

(केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2004

का.आ. 3069.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि केन्द्र सरकार द्वारा आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के साथ पठित आयकर अधिनियम,1961 की धारा 10 (23-छ) के प्रयोजनार्थ कर निर्धारण वर्ष 2004-2005 से कर निर्धारण वर्ष 2015-2016 तक (29-11-2014 तक) अर्थात् 20 वर्ष की अवधि की समाप्ति तक दिनांक 29-01-2001 को जारी किए गए संचार मंत्रालय, दूर संचार विभाग के पत्र फा. सं. 842-47/2000 वी. ए. एस./खंड-IV में यथा उल्लिखित दिनांक 30 नवम्बर, 1994 को अथवा उससे पूर्व के लाइसेंस करार संख्या 842-21/93-टी. एम. की शर्तों में संशोधन करने के लिए उपर्युक्त करार की शर्तों का उल्लंघन होने की स्थिति में नीचे पैरा (3) में उल्लिखित उद्यम के अनुमोदन को नवीकृत किया गया है।

2. यह अनुमोदन इस शर्त के अधीन है कि —

(i) उद्यम/उपक्रम आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23छ) के उपबंधों के अनुरूप होगा और उनका अनुपालन करेगा;

(ii) केन्द्र सरकार यह अनुमोदन वापिस ले लेगी यदि उद्यम/उपक्रम —

(क) आयकर अधिनियम, 1962 के नियम 2ङ के स्पष्टीकरण (ख) में यथा परिभाषित पात्र कारोबार को जारी रखना बंद कर देता है; अथवा

(ख) खाता बहियों का रख-रखाव नहीं करता है तथा आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के उप-नियम (6) द्वारा यथा अपेक्षित किसी लेखाकार द्वारा ऐसे खातों की लेखा परीक्षा नहीं कराता है; अथवा

(ग) आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के उप-नियम (6) द्वारा यथा अपेक्षित लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है।

3. अनुमोदित उद्यम/उपक्रम है—

मैसर्स एयर सेल सेल्यूलर लिमिटेड (पूर्व नाम मैसर्स आर. पी. जी. सेल्यूलर सर्विसेज लिमिटेड तथा मैसर्स मोबाईल टैलिकॉम सर्विसेज लिमिटेड) प्रथम तल, स्पेंसर प्लाजा, 769 अन्ना सालै, चेन्नई को दिनांक 30 नवम्बर, 1994 के लाइसेंस करार संख्या 842-21/93-टी. एम. के अनुसार चेन्नई महानगर सेवा क्षेत्र में सेयूलर मोबाईल सेवा उपलब्ध कराने तथा न्यू टेलिकॉम पालिसी-1999 की राजस्व सहभागिता व्यवस्था के स्थानांतरण के फलस्वरूप संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग (वी. ए. एस. सैल) के क्रमशः दिनांक 29-01-2001 तथा 25-09-2001 के फा. सं. 842-47/2000-वी. ए. एस./खंड-IV के पत्रों द्वारा यथा संशोधित उनकी परियोजना के लिए (फा. सं. 205/56/2000-आई. टी. ए.-II) (खंड-I)।

[अधिसूचना सं. 282/2004/फा. सं. 205/56/2000-आई. टी. ए.-II(खंड-I)]

निधि सिंह, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

(Central Board of Direct Taxes)

New Delhi, the 18th November, 2004

S.O. 3069.— It is notified for general information that the approved to the enterprise listed at para (3) below has been renewed by the Central Government for the purpose of Section 10(23G) of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962 with effect from the Assessment Year 2004-05 to Assessment Year 2015-2016 (upto 29-11-2014) i.e. upto the end of period of 20 years as mentioned in Ministry of Communications, Department of Telecommunications (VAS CELL) letter F. No. 842-47/2000-VAS/Vol. IV dated 29-01-2001 issued to amend the terms of licence agreement No. 842-21/93-TM dated 30th November, 1994 or earlier, in the event of violation of the terms of the agreement aforesaid.

2. The approval is subject to the conditions that—

(i) the enterprise/undertaking will conform to and comply with the provisions of Section 10(23G) of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962;

(ii) the Central Government shall withdraw this approval if the enterprise/undertaking —

(a) ceases to carry on the eligible business as defined in Explanation (b) to Rule 2E of I.T. Rules, 1962; or

(b) fails to maintain books of account and get such accounts audited by an accountant as required by sub-rule (6) of Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962; or

(c) fails to furnish the audit report as required by Sub-rule (6) of Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962.

3. The enterprise/undertaking approved is :—

M/s. Aircel Cellular Limited (formerly M/s RPG Cellular Services Ltd and M/s Mobile Telecom Services Ltd.), 5th Floor, Spencer Plaza, 769, Anna Salai, Chennai for their project of providing Cellular Mobile Telephone Service in Chennai Metro Service Area as per licence agreement No. 842-21/93-TM dated 30th November, 1994 and as amended vide Ministry of Communications, Department of Telecommunications (VAS CELL) letters F. No. 842-47/2000-VAS/Vol. IV dated 29-01-2001 and 25-09-2001 consequent to Migration to revenue sharing regime of New Telecom Policy-1999 (F. No. 205/56/2000-ITA-II) (Vol. I).

[Notification No. 282/2004/F. No. 205/56/2000/ITA-II (Vol. I)]

NIDHI SINGH, Under Secy.

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2004

का. आ. 3070.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि केन्द्र सरकार ने आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23-छ) के प्रयोजनार्थ कर निर्धारण वर्ष 2003-2004 से कर निर्धारण वर्ष 2023-2024 तक (दिनांक11-01-2023 तक) अर्थात् नेशनल हाईवेज अथारिटी आफ इंडिया और मैसर्स जेपी डी एस सी वेन्चर्स लि. के बीच दिनांक 18-04-2002 को हुए रियायत करार में यथा उल्लेखित 20 वर्ष की अवधि के लिए अथवा इससे पूर्व उपर्युक्त करार की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में निम्न पैरा (3) में उल्लिखित उद्यम/उपक्रम को अनुमोदित करती है।

2. यह अनुमोदन इस शर्त के अधीन है कि :

(i) उद्यम/उपक्रम आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23छ) के उपबंधों के अनुरूप होगा और उनका अनुपालन करेगा;

(ii) केन्द्र सरकार यह अनुमोदन वापिस ले लेगी यदि उद्यम/उपक्रम :—

(क) आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के स्पष्टीकरण (ख) में यथा परिभाषित पात्र कारोबार को जारी रखना बंद कर देता है; अथवा

(ख) खाता बहियों का रख-रखाव नहीं कराता है तथा आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के उप-नियम (6) द्वारा यथा अपेक्षित किसी लेखाकार द्वारा ऐसे खातों की लेखा परीक्षा नहीं कराता है; अथवा

(ग) आयकर नियमावली, 1962 के नियम 2ङ के उप-नियम (6) द्वारा यथा अपेक्षित लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है।

3. अनुमोदित उद्यम/उपक्रम है—

मैसर्स जेपी. डी. एस. सी. वेन्चर्स लि. द्वारा भारतीय राष्ट्रीय हाईवे प्राधिकरण के साथ दिनांक 18-04-2002 को निष्पन्न किए गए रियायती करार के अनुसार निर्माण, परिचालन एवं हस्तांतरण के आधार पर दिल्ली-गुड़गांव खंड के एन. एच. 8 को 14.30 कि. मी. से 42.00 कि.मी. तक एक नियंत्रित मार्ग 8/6 लेन हाईवे में परिवर्तित किए जाने की उनकी परियोजना हेतु (फा. सं. 205/5/2003-आ.क. नि.-II)

[अधिसूचना सं. 283/2004/फा. सं. 205/5/2003-आयकर नि.-II]

निधि सिंह, अवर सचिव

New Delhi, the 18th November, 2004

S.O. 3070.— It is notified for general information that the enterprise/undertaking listed at para (3) below has been approved by the Central Government for the purpose of Section 10(23G) of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962 with effect from the Assessment Year 2003-04 to Assessment Year 2023-2024 (upto 11-01-2023) i.e. for a period of 20 years as mentioned in the concession agreement dated 18-04-2002 between the National Highways Authority of India and M/s Jaypee DSC Ventures Ltd. or earlier, in the event of violation of the terms of the agreement aforesaid.

2. The approval is subject to the conditions that—

(i) the enterprise/undertaking will conform to and comply with the provisions of Section 10(23G) of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962;

(ii) the Central Government shall withdraw this approval if the enterprise/undertaking :—

(a) ceases to carry on the eligible business as defined in Explanation (b) to Rule 2E of I.T. Rules, 1962; or

(b) fails to maintain books of account and get such accounts audited by an accountant as required by sub-rule (6) of Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962; or

(c) fails to furnish the audit report as required by Sub-rule (6) of Rule 2E of the Income-tax Rules, 1962.

3. The enterprise/industrial undertaking approved is :—

M/s. Jaypee DSC Ventures Ltd, for their project of Conversion of Delhi-Gurgaon section of NH-8 into an access controlled 8/6 lane highway from Km. 14.30 to Km. 42.00 on Build, Operate and Transfer (BOT) basis as per concession agreement dated 18-04-2002 entered into with the National Highway Authority of India (F. No. 205/5/2003-ITA-II).

[Notification No. 283/2004/F. No. 205/5/2003/ITA-II]

NIDHI SINGH, Under Secy.

सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क मुख्य आयुक्त का कार्यालय

कोयम्बतूर, 3 नवम्बर, 2004

संख्या 2/2004-सीमा शुल्क (एन. टी.)

का. आ. 3071.—यथा संशोधित अधिसूचना सं.-14/2002 सी.शु. (एन.टी.), दिनांक 7-3-2002 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 152 खण्ड (ए) के अंतर्गत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 1 जुलाई, 1994 के अधिसूचना संख्या 33/94-सीमा शुल्क (एन. टी.) के अधीन अधोहस्ताक्षरी को प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मै, जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कोयम्बतूर एतद्द्वारा तमिलनाडु राज्य, कोयम्बत्तूर जिला, कोयम्बत्तूर नार्थ तालुक के तुडियलूर ग्राम को सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 9 के अंतर्गत निजी भाण्डागार को लाइसेन्स देने के उद्देश्य से भाण्डागरण स्टेशन के रूप में घोषित करता हूँ।

[फा. सी. सं. VIII/40/1/2003-सी.शु.(मु.आ.का.)]

जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त

OFFICE OF THE CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS & CENTRAL EXCISE

Coimbatore, the 3rd November, 2004

NO. 2/2004-CUSTOMS (NT)

S.O. 3071.—In exercise of the powers delegated to the undersigned vide Notification No. 33/94-Customs (NT) dated 1st July 1994 by the Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue, New Delhi under Clause (a) of Section 152 of the Customs Act, 1962, read with Notification No. 14/2002 Cus. (NT) dated 7-3-2002 as amended, I, J.M.K. SEKHAR, CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE, COIMBATORE hereby declare THUDIYALUR VILLAGE, COIMBATORE NORTH TALUK, in the District of COIMBATORE, State of TAMIL NADU, to be a Warehousing Station under Section 9 of the Customs Act, 1962 for the purpose of licensing of Private Bonded Warehouse.

[F. C. No. VIII/40/1/2003-Cus (CCO)]

J.M.K. SEKHAR, Chief Commissioner

कोयम्बतूर, 17 नवम्बर, 2004

संख्या 3/2004-सीमा शुल्क (एन. टी.)

का. आ. 3072.—यथा संशोधित अधिसूचना सं.-14/2002 सी.शु. (एन.टी.), दिनांक 7-3-2002 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 152 खण्ड (ए) के अंतर्गत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली के दिनांक-1 जुलाई, 1994 के अधिसूचना संख्या 33/94-सीमा शुल्क (एन. टी.) के अधीन अधोहस्ताक्षरी को प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कोयम्बतूर एतद्द्वारा तमिलनाडु राज्य, सेलम जिला, सेलम तालुक के पारा नाट्टमंगलम ग्राम को सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 9 के अंतर्गत निजी भाण्डागार को लाइसेन्स देने के उद्देश्य से भाण्डागरण स्टेशन के रूप में घोषित करता हूँ।

[फा. सी. सं.-VIII/40/1/2003-सी.शु.(मु.आ.का.)]

जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त

Coimbatore, the 17th November, 2004

NO. 3/2004-CUSTOMS (NT)

S.O. 3072.—In exercise of the powers delegated to the undersigned vide Notification No. 33/94-Customs (NT) dated 1st July 1994 by the Government of India, Ministry of Finance, Department of revenue, New Delhi under Clause (a) of Section 152 of the Customs Act, 1962, read with Notification No. 14/2002 Cus. (NT) dated 7-3-2002 as amended, I, J.M.K. SEKHAR, CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE, COIMBATORE hereby declare PARA NATTAMANGALAM VILLAGE, SALEM TALUK, in the District of SALEM, State of TAMIL NADU, to be a Warehousing Station under Section 9 of the Customs Act, 1962 for the purpose of licensing of Private Bonded Warehouse.

[F. C. No. VIII/40/1/2003-Cus (CCO)]

J.M.K. SEKHAR, Chief Commissioner

कोयम्बतूर, 17 नवम्बर, 2004

संख्या 4/2004 सीमा शुल्क (एन. टी.)

का. आ. 3073.—यथा संशोधित अधिसूचना सं.-14/2002 सी.शु. (एन.टी.), दिनांक 7-3-2002 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 152 खण्ड (ए) के अंतर्गत भारत सरकार,

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 1 जुलाई, 1994 के अधिसूचना संख्या 33/94-सीमा शुल्क (एन. टी.) के अधीन अधोहस्ताक्षरी को प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कोयम्बतूर एतद्द्वारा तमिलनाडु राज्य, नामक्कल जिला, परमती तालुक के कंडमपालयम-मार्ग, कवुंडीपालयम-पोस्ट, नल्लूर ग्राम को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 9 के अंतर्गत निजी भाण्डागार को लाइसेन्स देने के उद्देश्य से भाण्डागरण स्टेशन के रूप में घोषित करता हूँ।

[फा. सी. सं.-VIII/40/1/2003-सी.शु.(मु.आ.का.)]

जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त

Coimbatore, the 17th November, 2004

NO. 4/2004-CUSTOMS (NT)

S.O. 3073.—In exercise of the powers delegated to the undersigned vide Notification No. 33/94-Customs (NT) dated 1st July 1994 by the Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue, New Delhi under Clause (a) of Section 152 of the Customs Act, 1962, read with Notification No. 14/2002 Cus. (NT) dated 7-3-2002 as amended, I, J.M.K. SEKHAR, CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE, COIMBATORE hereby declare NALLUR VILLAGE, KAVUNDIPALAYAM-POST, KANDAMPALAYAM-VIA, PARAMATI TALUK, in the District of NAMAKKAL, State of TAMIL NADU, to be a Warehousing Station under Section 9 of the Customs Act, 1962 for the purpose of licensing of Private Bonded Warehouse.

[F. C. No. VIII/40/1/2003-Cus (CCO)]

J.M.K. SEKHAR, Chief Commissioner

कोयम्बतूर, 18 नवम्बर, 2004

संख्या 5/2004-सीमा शुल्क (एन. टी.)

का. आ. 3074.—यथा संशोधित अधिसूचना सं.-14/2002 सी.शु. (एन.टी.), दिनांक 7-3-2002 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 152 खण्ड (ए) के अंतर्गत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 1 जुलाई, 1994 के अधिसूचना संख्या 33/94-सीमा शुल्क (एन. टी.) के अधीन अधोहस्ताक्षरी को प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कोयम्बतूर एतद्द्वारा तमिलनाडु राज्य, सेलम जिला, शंकरी तालुक के मोरूर बिट-II ग्राम को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 9 के अंतर्गत निजी भाण्डागार को लाइसेन्स देने के उद्देश्य से भाण्डागरण स्टेशन के रूप में घोषित करता हूँ।

[फा. सी. सं.-VIII/40/1/2003-सी.शु.(मु.आ.का.)]

जे. एम. के. शेखर, मुख्य आयुक्त

Coimbatore, the 18th November, 2004

NO. 5/2004-CUSTOMS (NT)

S.O. 3074.—In exercise of the powers delegated to the undersigned vide Notification No. 33/94-Customs (NT) dated 1st July 1994 by the Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue, New Delhi under Clause (a) of Section 152 of the Customs Act, 1962, read with Notification No. 14/2002 Cus. (NT) dated 7-3-2002 as amended, I, J.M.K. SEKHAR, CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE, COIMBATORE hereby declare MORUR BIT-II VILLAGE, SANKARI TALUK, in the District of SALEM, State of TAMIL NADU, to be a Warehousing Station under Section 9 of the Customs Act, 1962 for the purpose of licensing of Private Bonded Warehouse.

[File C. No. VIII/40/1/2003-Cus (CCO)]

J.M.K. SEKHAR, Chief Commissioner

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 2004

का.आ. 3075.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 8 की उप-धारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री राकेश मोहन, सचिव (आर्थिक कार्य), वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली को तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित करती है।

[फा.सं. 9/11/2004-बी ओ-I]

रमेश चन्द, अवर सचिव

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 25th November, 2004

S.O. 3075.—In exercise of the powers conferred by clause (d) of Sub-section (1) of Section 8 of the Reserve Bank of India Act, 1934 (2 of 1934), the Central Government, hereby nominates Shri Rakesh Mohan, Secretary (Economic Affairs), Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi to be a director on the Central Board of the Reserve Bank of India with immediate effect and until further orders.

[F. No. 9/11/2004-BO-I]

RAMESH CHAND, Under Secy.

पोत-परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

(पोत परिवहन विभाग)

नई दिल्ली, 23 नवम्बर, 2004

का.आ. 3076.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 (यथा संशोधित 1987) के नियम 10 के उप नियम 4 के अनुसरण में पोत परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, पोत परिवहन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन निम्नलिखित कार्यालय में 80% से अधिक कर्मचारियों द्वारा हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लेने पर एतद्द्वारा उसे अधिसूचित करती है :—

सरकारी नौवहन कार्यालय,
नव भवन, 10-रामजीभाई कमानी मार्ग,
बेलार्ड इस्टेट, मुम्बई-400001

[फा. सं. ई-11011/1/2000-हिन्दी]

आर. के. जैन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF SHIPPING, ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

(Department of Shipping)

New Delhi, the 23rd November, 2004

S.O. 3076.—In pursuance of sub rule (4) of rule 10 of the Official Language (use for the Official purpose of the Union) Rule, 1976 (as amended 1987), the Central Government hereby notifies the following office under the administrative control of the Ministry of Shipping, Road Transport and Highways, Department of Shipping, more than 80% of the staff of which have acquired working knowledge of Hindi :—

Government Shipping Office,
Nav Bhavan, 10-Ramjibhai Kamani Marg,
Ballard Estate, Mumbai-400001

[F. No. E-11011/1/2000-Hindi]

R.K. JAIN, Jt. Secy.

कृषि मंत्रालय

(कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर, 2004

का.आ. 3077.—सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नीचे दी गई तालिका के कालम (2) में उल्लिखित अधिकारी को, सरकार के राजपत्रित अधिकारी के पद के समकक्ष अधिकारी होने के नाते, उक्त अधिनियम के उद्देश्यों के लिए सम्पदा अधिकारी नियुक्त करती है जो उक्त तालिका के कालम (3) में सदृश प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट सरकारी स्थानों के संबंध में, अपने क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाओं में उक्त अधिनियम के द्वारा या अन्तर्गत सम्पदा अधिकारियों को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग, और आरोपित कर्तव्यों का निष्पादन करेंगे।

तालिका

क्रम सं.	अधिकारी का नाम और पदनाम	सरकारी स्थान की श्रेणियां और क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाएं
1	2	3
1.	श्री पी. के. जैन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, और उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू व कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल, राजस्थान, चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों पर स्थित इसके संस्थानों की या इनके द्वारा या ओर से पट्टे पर ली गई सभी अचल सम्पतियां या स्थान।

[फा. सं. 30-36/2000-स्था. (डेयर)]

जी. चन्द्रशेखर, अवर सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agricultural Research and Education)

New Delhi, the 29th October, 2004

S.O. 3077.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorized Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the officer mentioned in column (2) of the Table below, being the officer equivalent to the rank of a Gazetted Officer of the Government, to be Estate Officer for the purposes of the said Act, who shall exercise the powers conferred, and perform the duties imposed, on the Estate Officers by or under the said Act, within the local limits of his respective jurisdiction, in respect of the public premises specified in the corresponding entry in column (3) of the said Table.

TABLE

Sl. No.	Name and Designation of the Officer	Categories of public premises and local limits of jurisdiction
1	2	3
1	Sh. P. K. Jain Senior Administrative Officer,	All immovable properties or premises belonging to, or taken on lease by or on behalf of Indian Council of

1	2	3
	Indian Agricultural Research Institute, New Delhi	Agricultural Research, and its Institutes situated at various places at Uttar Pradesh, Delhi, Haryana, Punjab, Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh, Uttranchal, Rajasthan, Chandigarh..

[F. No. 30-36/2000-Estt. (DARE)]

G. CHANDRA SEKHAR, Under Secy.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2004

का.आ. 3078.—केन्द्रीय सरकार, क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के संबंध में कतिपय बातें करने के लिए, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 के अधीन सशक्त है और उसकी यह राय है कि भारत से बाहर निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है कि पालतू पशु खाद्य और पशु उपोत्पाद जो मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है, निर्यात के लिए क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अध्यधीन होना चाहिए।

और यूरोपियन पार्लियामेंट एण्ड दि काउंसिल के तारीख 3 अक्तूबर, 2002 के विनियम सं. (ईसी) 1774/2002/ के अंतर्गत आने वाले उच्चतम क्वालिटी मानको और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को बनाए रखना आवश्यक है,

और अत: ऊपर आधारित समानता की शर्तों को सुनिश्चित करने हेतु मानीटरिंग की प्रक्रिया के लिए उपबंध किया जाना चाहिए ,

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव विरचित किए हैं और निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उपनियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद को भेज दिए हैं।

अत: अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त नियम के अनुसरण में, उक्त प्रस्तावों को उनसे प्रभावित होने वाली साधारण जनता की जानकारी के लिये प्रकाशित करती है और यह सूचना दी जाती है कि कोई व्यक्ति, जो उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप करना चाहता है या सुझाव देना चाहता है, अपने आक्षेप या सुझाव, इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों के भीतर, विचार के लिये भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद, तीसरा तल, नई दिल्ली वाईएमसीए सांस्कृतिक केन्द्र भवन, 1, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

1. यह अधिसूचित करना कि मानव उपभोग के लिए निषिद्ध "पालतू पशु खाद्य और पशु उपोत्पाद" निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अध्यधीन होंगे।

2. इस आदेश के साथ संलग्न उपाबंध में वर्णित प्रारुप "पालतू पशु खाद्य और पशु सह-उत्पाद" मानव उपभोग के लिए निषिद्ध निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण और मानीटरिंग) नियम, 2004 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण का तरीका विनिर्दिष्ट करना।

3. उन विनिर्देशों को मान्यता देना पालतू पशु खाद्य और पशु उपोत्पादों के लिए जो मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं मानक विनिर्देश के रूप में इस आदेश के साथ संलग्न अनुसूची में वर्णित है, और

4. अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में किसी यूनिट द्वारा पालतू पशु खाद्य और पशु उपोत्पादों के निर्यात को उस दशा में प्रतिषिद्ध करना जब वह उसे लागू मानक विनिर्देश के अनुरुप न हो और उसके साथ यह कथन करने वाला प्रमाण पत्र न हो कि ऐसी यूनिट निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन स्थापित अभिकरण द्वारा अनुमोदित है और उसके द्वारा उसकी मानीटरिंग की जाती है।

अनुसूची

1. सभी अनुमोदित यूनिटें संलग्न उपाबंध में यथाविहित अपेक्षाओं के अनुरुप होंगी।

2. निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 6 के अनुसार मान्यताप्राप्त जो मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं पालतू पशु खाद्य और पशु उपोत्पाद के लिए विनिर्देश निम्नलिखित होंगे :—

(क) (i) आयातकर्ता देश के राष्ट्रीय मानक, या

(ii) विदेशी क्रेता और निर्यातकों के बीच करार पाए गए संविदात्मक विनिर्देश परन्तु यह तब जब वे आयातकर्ता देशों की स्वास्थ्य अपेक्षाओं को पूरा कर रहे हों,

(ख) उपरोक्त (क) के अभाव में, निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा विरचित पालतू पंशु खाद्य पशु सह-उत्पाद के संबंध में कोई मानक लागू किए जाएंगे।

(i) निर्यात निरीक्षण परिषद/अभिकरण से प्रतिनिधि (संयोजक)

(ii) समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण से प्रतिनिधि (एमपीडीईए)

(iii) केन्द्रीय मत्स्य उद्योग प्रौद्योगिकी संस्थान, कोचीन से प्रतिनिधि (सीआईएफटी)

(iv) व्यापार से प्रतिनिधि

(ग) उपरोक्त दोनों में से किसी दशा में, यूनिट संलग्न अध्याय I से VII के अनुसार अपेक्षाओं को भी पूरा करेगी।

उपाबंध

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने के लिए प्रस्तावित प्रारूप नियम

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मानव उपभोग के लिए निषिद्ध पालतू पशु खाद्य और पशु सह-उत्पाद निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण निरीक्षण और मानीटरिंग) नियम, 2004 है।

(2) ये राजपत्र में इनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं**—इन नियमों के प्रयोजन के लिये, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) "**अधिनियम**" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है।

(ख) "**अभिकरण**" से अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन मुम्बई, कोलकाता, कोच्ची, दिल्ली और चैन्नई में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरण में से कोई अभिकरण अभिप्रेत है।

(ग) "**पशु अपशिष्ट**" से पशुओं या मछली का शव या कोई भाग या ऐसा पशु उत्पाद अभिप्रेत है जो सीधे मानव उपभोग में आता है, किन्तु इसके अंतर्गत पशु मल-मूत्र और भोजन अपशिष्ट नहीं आते हैं,

(घ) "**पशु उपोत्पाद**" से पशुओं के पूरे शरीर या उनके भाग या पशु मूल के उत्पाद अभिप्रेत हैं जो प्रवर्ग 1 की सामग्री प्रवर्ग 2 की सामग्री, प्रवर्ग 3 की सामग्री में निर्दिष्ट है और जो मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है जिनके अंतर्गत ओवा, भ्रूण और शुक्र भी है।

(ङ) "**पशु**" से कोई मेरूदण्डी या अमेरूदण्डी पशु अभिप्रेत है इसके अंतर्गत मछली, रेंगने वाले जीव और उभयचर भी हैं,

(च) "**परिषद्**" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है।

(छ) "**सक्षम प्राधिकारी**" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कोलकाता, चैन्नई, दिल्ली और कोची में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरण (निनिअ) अभिप्रेत है।

(ज) "**डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य**" से ताप संसाधित पशु खाद्य अभिप्रेत है जो दृढता पूर्वक वायुरोधी डिब्बे में रखा गया है।

(झ) "**प्रवर्ग 1 की सामग्री**" से निम्नलिखित वर्णन के पशु उपोत्पाद या ऐसी कोई सामग्री अभिप्रेत है जिसमें ऐसा उपोत्पाद अंतर्विष्ट है, अर्थात् :—

1. खाल और चमडी सहित शरीर के सभी भाग,
2. विनियम (ईसी) सं. 999/2001 तारीख 22-5-2001 के उपाबंध V में वर्णित विनिर्दिष्ट जोखिम सामग्री,
3. पशुओं से उपाप्त उत्पाद जिनमें प्रतिषिद्ध पदार्थ मिलाए गए हैं और पशु मूल के उत्पाद जिनमें पर्यावरणीय संदूषक के अवशिष्ट और अन्य पदार्थ अंतर्विष्ट हैं,
4. अवशिष्ट जल का शोधन करते समय प्रवर्ग 1 के प्रसंस्करण संयंत्रों और अन्प्रय ऐसे परिसरों से एकत्रित की गई सभी पशु सामग्री जिनमें से विनिर्दिष्ट जोखिम सामग्री उठाई जाती है,
5. अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रचालित परिवहन के साधनों से भोजन अवशिष्ट,
6. प्रवर्ग 1 की सामग्री के या तो प्रवर्ग 2 की सामग्री या प्रवर्ग 3 की सामग्री या दोनों के साथ मिश्रण जिसके अंतर्गत प्रवर्ग 1 के प्रसंस्करण संयंत्र में प्रसंस्करण के लिए नियत कोई सामग्री भी है।

(ञ) "**प्रवर्ग 2 की सामग्री**" से निम्नलिखित वर्णन के पशु उपोत्पाद या ऐसी कोई सामग्री अभिप्रेत है जिसमें ऐसा उपोत्पाद अंतर्विष्ट है, अर्थात् :—

1. खाद्य और पाचक पदार्थ तत्त्व,
2. वधशालाओं और वधशालाओं से भिन्न स्थानों से जल शोधन करते समय एकत्रित की गई सभी पशु सामग्री,
3. पशु मूल के उत्पाद जिनमें पशु चिकित्सीय औषधि और संदूषणों के अवशिष्ट अंतर्विष्ट हैं,
4. प्रवर्ग 1 सामग्री से भिन्न पशु मूल के उत्पाद,
5. ऐसे पशु और पशुओं के भाग जिनकी मृत्यु मानव उपभोग के लिए वध किए जाने से भिन्न हुई है जिसके अंतर्गत पशु महामारी बीमारी का उन्मूलन करने के लिए मारे गए पशु भी हैं,
6. प्रवर्ग 2 की सामग्री प्रवर्ग 3 की सामग्री के साथ मिश्रण,
7. प्रवर्ग 1 की सामग्री या प्रवर्ग 3 की सामग्री से भिन्न पशु उपोत्पाद।

(ट) "**प्रवर्ग 3 की सामग्री**" से निम्नलिखित वर्णन के पशु उपोत्पाद या ऐसी कोई अन्य सामग्री अभिप्रेत है जिसमें ऐसे उपोत्पाद अंतर्विष्ट हैं, अर्थात् :—

1. वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त हैं किन्तु वाणिज्यिक कारणों से मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं,
2. वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग जो मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त होने के कारण अस्वीकार कर

दिए गए हैं किन्तु वे मानवों या पशुओं को संचारी रोग के किसी लक्षण से प्रभावित नहीं हैं और उन पशु शवों से उपाप्त किए जाते हैं जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त हैं,

3. ऐसे पशुओं की खाल या चमड़ी, हव्स और सींग, सुअर के बाल और फर जो मूल रूप से पशुओं से मिलते हैं जिनका वधशाला में मृत्युपूर्व निरीक्षण करने के पश्चात् वध किया जाता है और ऐसे निरीक्षण के परिणाम के अनुसार मानव उपभोग के लिए वध किए जाने हेतु उपयुक्त थे,

4. जुगाली करने वाले पशुओं से भिन्न उन पशुओं से अभिप्राप्त रक्त जिनका वधशाला में मृत्यु पूर्व निरीक्षण के पश्चात् वध किया जाता है और वे ऐसे निरीक्षण के परिणाम के अनुसार मानव उपभोग के लिए वध किए जाने हेतु उपयुक्त थे,

5. मानव उपभोग के लिए आशयित उत्पादों के उत्पादन से उपाप्त पशु उपोत्पाद जिसके अंतर्गत चिकनाई रहित हड्डियां और मछली का चारा भी है,

6. भोजन अवशिष्ट से भिन्न पशु मूल की पूर्व खाद्य सामग्रियां या ऐसी पूर्व खाद्य सामग्री जिसमें पशु मूल के उत्पाद अतंर्विष्ट हैं, जो वाणिज्यिक कारणों से या विनिर्माण समस्याओं या पैकिंग त्रुटि या ऐसी अन्य त्रुटियों के कारण जो मानवों या पशुओं के लिए कोई जोखिम पैदा नहीं करती, मानव उपभोग के लिए अब नहीं रहे हैं,

7. ऐसे पशुओं से अभिप्राप्त किया गया कच्चा दूध जो उस उत्पाद के माध्यम से मानवों या पशुओं को संचारी किसी रोग के कोई रोग विषयक लक्षण दर्शित नहीं करते,

8. मछली के भोजन के उत्पादन के प्रयोजनों के लिए खुले समुद्र में पकड़ी गई, समुद्री स्तनधारियों के सिवाय, मछली या अन्य समुद्री पशु,

9. मानव उपभोग के लिए मछली उत्पादों का विनिर्माण करने वाले संयंत्रों से मछली से मछली उपोत्पाद,

10. ऐसे पशुओं से उत्पन्न छिलके (सीप), अंडज उत्पत्तिशला उपोत्पाद और टूटे अंडों के उत्पाद जो उस उत्पाद के माध्यम से मानवों या पशुओं को संचारी रोग को चिकित्सीय लक्षण दर्शित नहीं करते,

11. ऐसे पशुओं से जिनमें उस उत्पाद के माध्यम से मानवों या पशुओं को संचारी रोग का कोई चिकित्सीय लक्षण दर्शित नहीं होता था, उत्पन्न रक्त, खाल और चमड़ी, हूव्स, पंख, ऊन, सींग, बाल और फर, और

12. अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रचलित परिवहन के साधनों से भोजन अवशिष्ट।

(ठ) **"प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 के मध्यवर्ती संयंत्र"** से ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जिसमें अप्रसंस्कृत प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 की सामग्री उसके अंतिम गंतव्य स्थान को आगे परिवहन के प्रयोजन के लिए हथाली जाती है या अस्थायी रूप से भंडारित की जाती है और जहां कतिपय प्राथमिक क्रियाकलाप, जैसे खाल और चमड़ी को हटाना और शव-परीक्षा करना, किए जा सकेंगे,

(ड) **"प्रवर्ग 3 के मध्यवर्ती संयंत्रण"** से ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जिसमें प्रवर्ग 3 की अप्रसंस्कृत सामग्री भंडारित की जाती है और/या काटी जाती है और/या शीतित या ब्लाकों में गहरी जमाई जाती है और/या उसके अंतिम गंतव्य को आगे परिवहन के प्रयोजन के लिए अस्थाई रूप से भंडारित की जाती है,

(ढ) **"प्रवर्ग 1 का प्रसंस्करण संयंत्र"** से ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जिसमें प्रवर्ग 1 की सामग्री का उसके अंतिम व्ययन से पूर्व, प्रसंस्करण किया जाता है,

(ण) **"प्रवर्ग 2 का प्रसंस्करण संयंत्र"** से ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जिसमें प्रवर्ग 2 का समग्री का, उसके अंतिम व्ययन, आगे परिवहन या उपयोग से पूर्व, प्रसंस्करण किया जाता है,

(त) **"प्रवर्ग 3 का प्रसंस्करण संयंत्र"** से ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जिसमें प्रवर्ग 3 की सामग्री का ऐसे प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन में और अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों में प्रसंस्करण किया जाता है जिसका आहार सामग्री के रूप में उपयोग किया जा सकता है,

(थ) **"खान पान अवशिष्ट"** से रेस्टेरां, खानपान सुविधाओं और रसोई घरों, जिनमें केन्द्रीय रसोईघर और घरेलू रसोईघर भी सम्मिलित हैं, में उत्पादित सभी अवशिष्ट खाद्य अभिप्रेत है,

(द) **"स्थापन"** से निम्न जोखिम प्रसंस्करण संयंत्र, उच्च जोखिम प्रसंस्करण संयंत्र, पालतू पशु खाद्य या मत्स्य चूर्ण उत्पादन करने वाला संयंत्र या ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जो तकनीकी या भेषजीय उत्पाद तैयार करने में उपयोग किया जाता है,

(ध) **"मत्स्य चूर्ण"** से, समुद्री स्तनधारियों के सिवाय समुद्री पशुओं से उपाप्त प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन अभिप्रेत है,

(न) **"वायुरोधी रूप में सीलबंद आधान"** से ऐसा आधान अभिप्रेत है जो सूक्ष्म जीवों के प्रवेश को रोकने को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है या आशयित है,

(प) **"पालतू पशु खाद्य"** से कुत्तों, बिल्लियों और अन्य पालतू पशुओं के लिए खाद्य अभिप्रेत है जिसमें पशु उपोत्पाद अर्थात् वध किए गए पशुओं के भाग मत्स्य चूर्ण उत्पादन के प्रयोजनों के लिए खुले समुद्र में पकड़ी गयी मछली,

समुद्री स्तनधारियों के सिवाय, अन्य समुद्री पशुओं के भागों, मानव उपभोग के लिए मत्स्य उत्पादों का विनिर्माण करने वाले संयंत्रों से मत्स्य से ताजे उपोत्पादों से युक्त सामग्री अंतर्विष्ट है जिसमें कच्चा पालतू पशु खाद्य, प्रसंस्कृत पालतू पशु खाद्य, डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य और मत्स्य चूर्ण भी सम्मिलित है;

(फ) **"पालतू पशु"** से मानव द्वारा सामान्यत: कृषि से भिन्न प्रयोजनों के लिए, पाली गयी और रखी गयी, किन्तु उनका उपभोग नहीं किया जाता हो, प्रजातियों का कोई पशु अभिप्रेत है;

(ब) **"प्रसंस्कृत पालतू पशु खाद्य"** से, कच्चे पालतू पशु खाद्य से भिन्न ऐसा पालतू पशु खाद्य अभिप्रेत है जिसे इन नियमों के अनुसार परिशोधित किया गया है;

(भ) **"पालतू पशु खाद्य संयंत्र"** से ऐसा संयंत्र अभिप्रेत है जो पालतू पशु खाद्य का उत्पादन कर रहा है और जिसमें ऐसे पालतू पशु खाद्य तैयार करने में कतिपय पशु उपोत्पादों का उपयोग किया जाता है;

(म) **"विपणन में रखना"** से ऐसी कोई संक्रिया अभिप्रेत है जिसका प्रयोजन इन नियमों के अंतर्गत आने वाले पशु उपोत्पादों या उनसे उपाप्त उत्पादों का तीसरे पक्षकार को विक्रय करना या ऐसे तीसरे पक्षकार का संदायश् पर या किसी प्रभार के बिना प्रदाय का कोई अन्य रूप या ऐसे तीसरे पक्षकार को प्रदाय किए जाने की दृष्टि से भंडार करना है ;

(य) **"कच्चा पालतू पशु खाद्य"** से ऐसा पालतू पशु खाद्य अभिप्रेत है जिसके साथ, परिरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए द्रुतशीतन, हिमीकरण या शीघ्र हिमीकरण से भिन्न कोई परिरक्षण प्रक्रिया नहीं की गयी है।

3. **अनुपालन**—(1) प्रसंस्करणकर्ता या निर्यातकर्ता निम्नलिखित का अनुपालन करेगा, अर्थात् :—

(क) किसी राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार द्वारा, वाणिज्यिक या पर्यावरणिक या संरक्षण उपायों के संबंध में, समय-समय पर, अधिरोपित कोई कानूनी निर्बंधन ;

(ख) अध्याय—I के अनुसार पशु उपोत्पादों और प्रसंस्कृत उत्पादों के संग्रहण और परिवहन के लिए स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं ;

(ग) अध्याय—II के अनुसार मध्यवर्ती और भण्डार संयंत्रों के लिए स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं ;

(घ) अध्याय—III के अनुसार नियंत्रण और निरीक्षण ;

(ङ) अध्याय—IV के अनुसार सरकारी नियंत्रण और अनुमोदित संयंत्रों की सूचियां ;

(च) अध्याय—V के अनुसार प्रवर्ग 1 की सामग्री, प्रवर्ग-2 सामग्री और प्रवर्ग 3 की सामग्री के प्रसंस्करण के लिए साधारण स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं ;

(छ) अध्याय—VI के अनुसार प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन और ऐसे अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों के जिनका उपयोग भोजन सामग्री के रूप में किया जा सकता है, प्रसंस्करण के लिए और विपणन हेतु रखने के लिए विनिर्दिष्ट स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं; और,

(ज) अध्याय—VII के अनुसार पालतू पशु खाद्य के अनुमोदन के लिए अपेक्षाएं और पालतू पशु खाद्य के लिए अपेक्षाएं।

(2) सक्षम प्राधिकारी अपना स्वयं का समाधान हो जाने के पश्चात् कि स्थापन, जो क्रियाकलाप कर रहे हैं, उनकी प्रकृति के संबंध में अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, ऐसे स्थापनों को अनुमोदन प्रदान करेगा।

(3) सक्षम प्राधिकारी स्थापन के अनुमोदन की रीति के संबंध में समुद्री उत्पाद निर्यात् विकास प्राधिकरण और केन्द्रीय मत्स्य पालन प्रौद्योगिकी संस्थान या सुसंगत क्षेत्र के किसी अन्य संगठन के प्रतिनिधियों की सहायता ले सकेगा।

(4) सक्षम प्राधिकारी ऐसे अनुमोदित स्थापनों की सूची तैयार करेगा जिनमें से प्रत्येक की शासकीय संख्या होगी और मान्यताप्राप्त प्राधिकारी अनुमोदित स्थापनों की अपनी सूची और उसके पश्चात् किसी परिवर्तन के समुचित प्राधिकारों को अधिसूचित करेगा। इस योजना के प्रभावी मानिटरिंग हेतु परिषद् इस संबंध में आवश्यक निर्देश समय-समय पर जारी करेगी।

(5) सक्षम प्राधिकारी उक्त स्थापनों को, यदि उन्होंने अपेक्षाओं को पूरा करना बंद कर दिया है, अनुदत्त अनुमोदन को वापस ले लेगा।

4. **प्रमाणन**—(1) सक्षम प्राधिकारी, प्रसंस्करण या निर्यातक से प्राप्त अनुरोध पर, यह समाधान हो जाने पर कि पालतू पशु खाद्य का प्रसंस्करण ऐसे अनुमोदित संस्थान में किया जाता है जिसके पास विधिमान्य अनुमोदन संख्या है और यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि परेषण अधिसूचना की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, उक्त प्रयोजन के लिए कच्चे पालतू पशु खाद्य, प्रसंस्कृत पालतू पशु खाद्य बंद डिब्बा में पालतू पशु खाद्य और मत्स्य चूर्ण के लिए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र या ऐसा ही अन्य प्रमाणपत्र क्रमश: प्ररूप 1, 2, 3 और 4 में जारी करेगा।

(2) सक्षम प्राधिकारी, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि सुसंगत मानकों की अपेक्षाएं पूरी कर दी हैं, अनुरोध पर ऐसे ही अन्य प्रमाणपत्र भी जारी करेगा।

5. **निरीक्षण फीस**—(1) प्रसंस्करणकर्ता द्वारा स्थापन के अनुमोदन के लिए आवेदन के साथ दो हजार रुपए की फीस का भुगतान किया जाएगा।

(2) प्रसंस्करणकर्ता और आयातक द्वारा संबद्ध अभिकरण को निर्यात मूल्य के 0.2 प्रतिशत की दर पर मानीटरिंग फीस का भुगतान किया जाएगा।

6. अपील

(i) सक्षम प्राधिकारी के, नियम 3 के उपनियम (2) के अधीन अनुमोदन न देने के विनिश्चयय;

(ii) सक्षम प्राधिकारी के, नियम 3 के उपनियम (5) के अनुमोदन वापस लेने के विनिश्चय;

(iii) सक्षम प्राधिकारी के नियम 4 के अधीन स्वास्थ्य प्रमाणपत्र या ऐसा ही अन्य प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार करने के विनिश्चय, से व्यथित कोई व्यक्ति, केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अपील प्राधिकरण को ऐसी संसूचना की प्राप्ति से दस दिन के भीतर अपील कर सकेगा।

(2) अपील प्राधिकरण में कुल सदस्यता के कम से कम दो तिहाई सदस्य अशासकीय होंगे।

(3) अपील प्राधिकरण का कोरम तीन होगा।

(4) अपील का निपटारा उसकी प्राप्ति से तीस दिन के भीतर किया जाएगा।

अध्याय-1

जानवरों से प्राप्त उत्पादों और संसाधित उत्पादों के संग्रहण और परिवहन के लिये स्वास्थ्यकर अपेक्षाएं

7. पहचान—(1) सभी आवश्यक मापदंडों को आश्वासित किये जायेंगे।

(क) वर्ग 1, वर्ग 2 और वर्ग 3 सामग्री को संग्रहण और परिवहन के दौरान पहचान और अलग किये जायेंगे।

(ख) परिवहन के दौरान पहचान युक्त संसाधित उत्पादों को पहचान युक्त और अलग किये जायेंगे।

(2) परिवहन के दौरान, वाहन, डिब्बों, कार्टुन, या अन्य पैकिंग सामग्री पर लेबल अच्छी तरह से दर्शाये जाएंगे।

(क) जानवरों से प्राप्त उत्पादों के मामलों में, जानवरों से प्राप्त उत्पादों से जो कि संसाधित उत्पादों से प्राप्त किये जाते हैं और ;

(ख) (i) "वर्ग 3 सामग्री के मामले में", शब्द मानव उपभोग के लिये नहीं हो ;

(ii) वर्ग 2 सामग्री के मामले में, इसके अलावा खाद और पाचक विषय सामग्री और जिससे संसाधित उत्पाद प्राप्त होते हैं, उसके लिए शब्द "पशु उपभोग के लिए के नहीं"; या

(iii) संसाधित उत्पादों से प्राप्त वर्ग 1 सामग्री के मामले में शब्द केवल निपटान के लिए है।

8. वाहन और डिब्बे—(1) जानवरों द्वारा उत्पादित और संसाधित उत्पाद के संग्रहण और परिवहन में सील बन्द नई पैकिंग या लीक प्रुफ बन्द डिब्बों या वाहनों को अवश्य सील किए जाएंगे।

(2) वाहनों और दुबारा प्रयोग होने वाले डिब्बों, सभी उपकरण दुबारा प्रयोग, जो जानवरों द्वारा उत्पादित या संसाधित उत्पादों के सम्पर्क में आते हों :

(क) प्रत्येक प्रयोग के बाद स्वच्छ धुलाई और रोगाणुमुक्त किए जाएंगे ;

(ख) स्वच्छ दशा में रखे जाएंगें ; और

(ग) प्रयोग से पहले साफ और सुखाए जाएंगे।

(3) विशिष्ट उत्पादों में प्रति संदूषण को दूर करने के लिये आवश्यक उपायों के रूप में परिवहन के दौरान स्वस्थ आधानों को प्रयोग में लाया जाना चाहिये।

9. वाणिज्यिक दस्तावेज और स्वास्थ्य प्रमाणपत्र—(1) परिवहन के दौरान, वाणिज्यिक दस्तावेज या, इनके विनियम के आवश्यकतानुसार, जानवरों द्वारा उत्पादित या संसाधित उत्पादों को स्वास्थ्य प्रमाणपत्र साथ में अवश्य होंगे।

(2) वाणिज्य दस्तावेज अवश्य विनिर्दिशत होंगे,

(क) जो सामग्री परिसरों से उसकी तारीख;

(ख) उत्पादों का विवरण, सूचना के साथ जानकारी शामिल हो जिसका संदर्भ नियम 9 में है, पशुओं की किस्में, वर्ग 3 सामग्री और वहाँ से संसाधित उत्पाद निकाले हों, उनका गंतव्य ऐसे खाद्य पदार्थ के प्रयोग में हो और, यदि लागू हो, ईयर टैग संख्या हो;

(ग) सामग्री की मात्रा;

(घ) मूल सामग्री का स्थान;

(ङ) कैरियर का नाम व पता;

(च) प्राप्त करने वाले का नाम और पता, यदि लागू हो, अनुमोदित संख्या; और

(छ) यदि उपयुक्त हो,

(i) मूल संयंत्र को अनुमोदन संख्या, और

(ii) उपचार की प्रमाणी और प्रकृति।

(3) उत्पाद के वाणिज्य दस्तावेजों की कम से कम तीन प्रतियों (एम मूल और दो प्रतियां) में होगी परेषण के अंतिम गंतव्य के साथ मूल प्रति होगी। प्राप्तकर्ता अवश्य रखेगा। एक प्रति उत्पादकर्ता अवश्य रखेगा और दूसरी कैरियर रखेगा।

(4) स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और इसी प्रकार के प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर करके जारी करेगा।

10. अभिलेखों का प्रतिकारक—वाणिज्यक दस्तावेज और स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और अन्य अभिलेख, सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करने के लिये कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिये अवश्य रखे जायेंगे।

11. तापमान की शर्तें—(1) जानवरों द्वारा उत्पादों को परिवहन के समय पर्याप्त तापमान के स्थान पर रखे जायेंगे जो कि जानवर या पब्लिक स्वास्थ्य को किसी भी जोखिम से बचाया जायेगा।

(2) असंसाधित वर्ग 3 के लिये खाद्य सामग्री का उत्पादन या पशु खाद्य को शीतित, प्रशीतित रूप में परिवहनित किया जाना आवश्यक है जो संसाधन के 24 घंटे के भीतर भेजा जाना चाहिए।

(3) वातानुकूलित परिवहन के डिजाइन युक्त वाहनों का रखरखाव और उचित तापमान परिवहन के दौरान आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

12. **अभिवहन के लिये विनिर्दिष्ट नियम :**—पशु-सह उत्पादों को वाहन में और संसाधित उत्पादों के मार्गस्थ में उपरोक्त अपेक्षाएं अवश्य पूरी होनी चाहिये।

13. **नियंत्रण मापदण्ड :**—(1) सक्षम प्राधिकारी द्वारा पशु उपोत्पादों के संग्रहण और प्रयुक्त परिवहन निपटान के दौरान आवश्यक मापदंडों को नियंत्रित किया जाना चाहिये और संसाधित उत्पादों सहित आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों को जांच करने के लिये रखेगा। और जब इस विनियम में आवश्यक हो या वहां सक्षम प्राधिकारी द्वारा सील लगाने पर विचार किया जायेगा।

(2) पशु उपोत्पादों या संसाधित उत्पादों के परेषण पर सक्षम प्राधिकारी सील लगायेगा। गंतव्य स्थान की सक्षम प्राधिकारी को आवश्यक सूचना दी जायेगी।

अध्याय-2

संयंत्रों के भंडारण और स्वास्थ्य संबंधी मध्यवर्ती अपेक्षाएं

14. **मध्यवर्ती संयंत्रों के अनुमोदन के लिये अपेक्षाएं :** परिसरों में और निम्नलिखित अपेक्षाएं अवश्य होनी चाहिये।

(क) परिसर पब्लिक हाईवे और अन्य परिसरों जैसे बूचड़खानों से पूरी तरह से पृथक होना चाहिए। संयंत्रों का नक्शा या आकार इस तरह सुनिश्चित किया जाये कि वो वर्ग 1 और वर्ग 2 में सामग्री के द्वारा और वर्ग 3 की सामग्री से प्रेषण और स्वागत कक्ष से पृथक हो।

(ख) जानवरों से प्राप्त उत्पादों के संयंत्र अवश्य ढकी हुई जगह पर होने चाहिये।

(ग) संयंत्र की संरचना इस प्रकार से की जायेगी कि वह आसानी से साफ और रोगाणुमुक्त किया जा सके।

(घ) संयंत्रों में कर्मचारियों के लिये पर्याप्त शौचालयों, बदलने वाले कक्ष और वाशबेसिन अवश्य होंगे।

(ङ) संयंत्रों में नाशकारक जैसे कीड़े-मकौड़े, कीटाणु और चिड़ियों से बचाव के लिये पर्याप्त व्यवस्थाएं होनी चाहिए।

(च) संयंत्र में बेकार पानी निपटान की प्रणाली अवश्य होनी चाहिये जो स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करती हों।

(छ) जहां उद्देश्य इन विनियमों को जरूरी पूरी करने का हो, संयंत्र में समुचित तापमान नियंत्रण और पशुओं के उपोत्पादों को भंडारण के समय समुचित तापमान पर रखने की क्षमता हो और उसकी बनावट ऐसी हो जिससे उन तापमानों की मानीटरिंग और रिकार्डिंग का रखरखाव किया जा सके।

(ज) संयंत्र में डिब्बों या आधानों को साफ करने और कीटाणुमुक्त करने की समुचित सुविधाएं अवश्य होनी चाहिये जिसमें पशुओं के उपोत्पादों को प्राप्त किया जाता है और वाहन, जलयानों के अलावा जिनमें उनको परिवहन किया जाता हो। वाहनों के पहियों को रोगाणुमुक्त करने के लिये समुचित सुविधायें उपलब्ध कराई जानी चाहिये।

15. **सामान्य स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं : (क)** मध्यवर्ती संयंत्रों का वर्ग 3 (1) आयात, संग्रहण, छांटना, कटिंग, शीतित, खंडों में प्रशीतित, अस्थायी भण्डारण और प्रेषण को छोड़कर संयंत्र किसी गतिविधियों में व्यस्त नहीं होना चाहिये।

(2) प्रवर्ग 3 की सामग्री को इस प्रकार छांटना चाहिये जिससे पशुओं में बीमारी की संभावना से बचाव हो सके।

(3) छांटना या भंडारण के दौरान वर्ग 3 सामग्री का रखरखाव और भंडारण वर्ग 3 सामग्री के अलावा हो अलग इस ढंग से रखा जाना चाहिये जिससे पैथोगनस की संभावना को रोका जा सके और ईयू निर्देशों को पूरा करने को सुनिश्चित किया जा सके।

(4) प्रवर्ग 3 सामग्री का भंडारण समुचित किया जाये और जहाँ पुन: प्रेषण को जब तक शीतित या प्रशीतित करने की समुचित सुविधा हो।

(5) सक्षम प्राधिकारी के अनुदेशों के अनुसार पैकिंग करने वाली सामग्री को अवश्य ही जला देना चाहिए या किसी दूसरे तरीके से निपटान कर देना चाहिये।

(ख) प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 मध्यवर्ती संयंत्र (1) संग्रहण, रख-रखाव, अस्थाई भण्डारण और प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 सामग्री के प्रेषण को छोड़कर संयंत्र किसी भी गतिविधियों में व्यस्त नहीं होना चाहिये।

(2) प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 की सामग्री को इस प्रकार छांटना चाहिए जिससे पशुओं में बीमारी की संभावना से बचाव हो सके।

(3) छांटना या भण्डारण के दौरान वर्ग 1 और वर्ग 2 सामग्री का रखरखाव और भण्डारण अन्य माल से पृथक इस ढंग से रखा जाना चाहिये जिसे पैथोगनस की संभावना को रोका जा सके।

(4) प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 सामग्री का भण्डारण समुचित किया जाना चाहिये, जब तक पुन: प्रेषण पर्याप्त तापमान शर्तों के अधीन हो।

(5) सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार पैकिंग करने वाली सामग्री को अवश्य ही जला देना चाहिए या किसी दूसरे तरीके से निपटान कर देना चाहिए।

(6) बेकार पानी का अवश्य ही उपचार किया जाये जिससे यह सुनिश्चित हो सके व्यवहारिक रूप जहाँ तक संभव हो कोई भी रोग उत्पन्न करने वाले कारण न बचे रहें।

प्रवर्ग 1 और प्रवर्ग 2 बेकार पानी का उपचार करने के लिये मध्यवर्ती संयंत्रों में विनिर्दिष्ट अपेक्षाएं ईयू निर्देशों में बतायी गई प्रक्रिया के अनुसार बनाया जाना चाहिये।

16. **भंडारण संयंत्रों के अनुमोदन के लिये अपेक्षाएं :** (1) परिसरों और सुविधाएं कम से कम निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करें।

(क) परिसर जिसमें प्रवर्ग 3 सामग्री से निकाले गये संसाधित उत्पादों का भंडारण किया जाना है उस साईट पर पूरी तरह से पृथक भवनों के अलावा प्रवर्ग 1 व प्रवर्ग 2 सामग्री से निकाले गये उत्पादों का भंडारण नहीं किया जाना चाहिये।

(ख) प्राप्त उत्पादों के लिये ढकी हुई जगह होनी चाहिये।

(ग) उनकी संरचना इस प्रकार की जानी चाहिये वह आसानी से साफ और रोगाणुमुक्त किया जा सके।

(घ) कर्मचारियों के लिये पर्याप्त शौचालय, कपड़े बदलने वाले कक्ष और वाशबेसिन अवश्य होने चाहिये, और

(ङ) संयंत्रों में नाशकारक जैसे कीडे-मकौड़े, कीटाणु (कृमि) और चिडिया से बचाव के लिये पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिये।

(च) संयंत्र में डिब्बों या आधानों को साफ करने और कीटाणुमुक्त करने की समुचित सुविधाएं अवश्य होनी चाहिये जिसमें पशुओं के सह-उत्पादों को प्राप्त किया जाता है। और वाहन, जलयान के अतिरिक्त जिनमें परिवहन किया जाता हो। वाहनों के पहियों को रोगाणुमुक्त करने के लिये समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

अध्याय-3

नियंत्रण और निरीक्षण

17. संयंत्र का स्वयं का नियंत्रण : (1) मध्यवर्ती और प्रसंस्करण संयंत्रों के परिचालक और स्वामी या उनके प्रतिनिधि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विकसित स्थाई प्रक्रिया को लागू करेंगे, कार्यान्वित करेंगे और उसे बनाए रखेंगे जो विशिष्ट रूप से—

(क) संयंत्रों में संकट बिन्दुओं की पहचान करेंगे और उनका नियंत्रण करेंगे,

(ख) ऐसे संकट बिन्दुओं की मानीटर करने और उन पर नियंत्रण करने की पद्धति स्थापित करेंगे और उसे कार्यान्वित करेंगे,

(ग) प्रसंस्करण संयंत्र की दशा में,

(i) प्रसंस्कृत प्रत्येक बैच का इन नियमों द्वारा अधिकथित उत्पादों के लिए मानदंडों के अनुरूप होने की जांच करने के लिए उनका नमूना लेगा,

(ii) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के द्वारा अधिकथित भौतिक रसायन अवशेषों के अधिकतम अनुज्ञात स्तरों के अनुरूप होने की जांच करने के लिए नमूना लेगा,

(घ) खंड (ख) और खंड (ग) में निर्दिष्ट जांच और परीक्षण के परिणाम का अभिलेख तैयार करेगा और उन्हें सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए कम से कम दो वर्ष की अवधि तक रखेगा,

(ङ) प्रत्येक भेजे गए बैच की अनुमार्गता को सुनिश्चित करने के लिए एक पद्धति लागू करेगा।

(2) जहां उपनियम (1) के खंड (ग) के अनुसार अनुसरण में लिए गए नमूनों के परीक्षण के परिणाम इन नियमों के उपबंधों के अनुपालन में नहीं हैं वहां प्रसंस्करण संयंत्र का परिचालक—

(क) सक्षम प्राधिकारी को तत्काल नमूने और उस बैच की प्रकृति के पूरे ब्यौरे अधिसूचित करेगा जिससे वह नमूना लिया गया था,

(ख) अनुपालन की असफलता के कारणों को स्थापित करेगा।

(ग) सक्षम प्राधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन संदूषित बैच को पुनः प्रसंस्कृत करेगा या उसका निपटान करेगा,

(घ) यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी कोई भी सामग्री सक्षम प्राधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन पुनः प्रसंस्कृत किए जाने से पूर्व और इन नियमों में अधिकथित मानदंडों का पालन करने की दृष्टि से पुनः नमूना लिए जाने से पूर्व संयंत्र से नहीं निकाली गई है जिसके बारे में यह संदेह है या यह ज्ञात है कि वह संदूषित है जब तक कि वह निपटान के लिए न भेजी गई हो,

(ङ) उत्पादन के नमूने लाने और उनका परीक्षण करने की आवृत्ति में वृद्धि करेगा,

(च) तैयार नमूने के लिए उपयुक्त पशु उपोत्पाद के अभिलेख का अन्वेषण करेगा,

(छ) संयंत्र के भीतर पर्याप्त असंदूषण और सफाई की प्रक्रिया को बढ़ावा देगा।

अध्याय-4

शासकीय नियंत्रण और अनुमोदित संयंत्रों की सूची

18. (1) सक्षम प्राधिकारी इन नियमों के अनुसार अनुमोदित संयंत्रों का नियमित अंतरालों पर निरीक्षण और पर्यवेक्षण करेगा।

(2) निरीक्षणों और पर्यवेक्षणों की आवृत्ति संयंत्र के आकार, विनिर्मित उत्पादों की किस्म, जोखिम निर्धारण और संकट विश्लेषण और संकट नियंत्रण बिन्दु प्रणाली सिद्धांतों के अनुसार दी गयी प्रत्याभूतियों पर निर्भर करेगी।

(3) यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण से यह प्रकट होता है कि इन नियमों की एक या अधिक अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया जा रहा है तो सक्षम प्राधिकारी समुचित कार्रवाई करेगा।

(4) सक्षम प्राधिकारी अपने क्षेत्राधिकार की सीमा के भीतर इन नियमों के अनुसार अनुमोदित संयंत्रों की सूची तैयार करेगा। वह प्रत्येक संयंत्र के लिए शासकीय संख्या समनुदेषित करेगा जो संयंत्र की उसके क्रियाकलापों की प्रकृति के संबंध में पहचान करेगी। सक्षम प्राधिकारी सूची की प्रतियां सभी संबद्ध व्यक्तियों को भेजेगा।

अध्याय-5

प्रवर्ग 1, 2 और 3 सामग्री के प्रसंस्करण के लिए स्वास्थ्य संबंधी साधारण अपेक्षा

19. प्रवर्ग 1, 2 और 3 के प्रसंस्करण संयंत्रों के अनुमोदन के लिए साधारण अपेक्षाएं—(1) प्रवर्ग

1. प्रवर्ग 2 और प्रवर्ग 3 के प्रसंस्करण संयंत्रों के परिसर और सुविधाएं निम्नलिखित अपेक्षाओं के अनुरूप होंगी, अर्थात् :—

(क) पशु उपोत्पादों के प्रसंस्करण के लिए परिसर वधशाला जैसे स्थान पर नहीं होगी जब तक कि उसके लिए पूर्णत: पृथक भवन न हो। अप्राधिकृत व्यक्तियों और पशुओं को संयंत्र के भीतर घुसने नहीं दिया जाएगा,

(ख) प्रसंस्करण संयंत्र में स्वच्छ और अस्वच्छ सेक्टर होंगे जो पर्याप्त रूप से पृथक होंगे। अस्वच्छ सेक्टर में पशु उपोत्पादों को प्राप्त करने के लिए आच्छादित स्थान होगा और वह ऐसी रीति से सनिर्मित किया जाएगा जिससे उसे स्वच्छ और विसंक्रमित करना आसान हो। उनका फर्श इस रीति से बिछाया जाएगा जिसमें से तरल पदार्थों का निष्कासन आसानी से किया जा सके। प्रसंस्करण संयंत्र में कर्मचारिवृंद के लिए पर्याप्त शौचगृह, कपड़े बदलने का कक्ष और वाशबेसिन होंगे,

(ग) प्रसंस्करण संयंत्र में पशु उपोत्पादों के प्रसंस्करण के लिए गर्म पानी और वाष्प की पर्याप्त उत्पादन क्षमता होगी,

(घ) अस्वच्छ सेक्टर में, यदि उचित हो, पशु उपोत्पादों के आकार को कम करने का उपस्कर होगा और पीसे हुए पशु उपोत्पादों को प्रसंस्करण एकक में लादने के लिए पर्याप्त उपस्कर होगा,

(ङ) जहां ताप उपचार की आवश्यकता हो वहां सभी स्थापन—

(i) समय-समय पर तापमान की मोनीटरी करने और यदि आवश्यक हो तो संकट बिन्दुओं पर दबाव की मोनीटरी करने के लिए मापक उपस्कर होगा,

(ii) इन मापकों के परिणाम को नियमित रूप से अभिलिखित करने की अभिलेखन युक्ति होगी,

(iii) अपर्याप्त ताप को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रणाली होगी,

(च) अंदर आने वाले पशु उपोत्पादों द्वारा तैयार उत्पाद के पुन: संदूषण होने से रोकने के लिए संयंत्र के ऐसे क्षेत्र जहां प्रसंस्करण के लिए आने वाली सामग्री को उतारा जाता है और उस उत्पाद के प्रसंस्करण के लिए नियत क्षेत्र तथा प्रसंस्कृत उत्पाद के भंडारण के बीच स्पष्ट पृथक्करण होना चाहिए।

(2) प्रसंस्करण संयंत्र में उन आधानों और पात्रों को, जिनमें पशु उपोत्पाद प्राप्त किए जाते हैं और पोत से भिन्न उन यानों को जिनमें वे परिवहनित किए जाते हैं, साफ और विसंक्रमित करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

(3) प्रसंस्करण संयंत्र के अस्वच्छ सेक्टर को छोड़ते समय यान के पहियों को विसंक्रमित करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

(4) सभी प्रसंस्करण संयंत्रों में सक्षम प्राधिकारी की अपेक्षाओं को पूरा करने वाली अवशिष्ट जल व्ययन प्रणाली होगी।

(5) प्रसंस्करण संयंत्र में अपनी एक प्रयोगशाला होगी या वह किसी बाहरी प्रयोगशाला की सेवाओं का उपयोग करेगा। प्रयोगशाला आवश्यक विश्लेषण करने के लिए उपस्कर से युक्त होगी और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी।

20. स्वास्थ्य संबंधी साधारण अपेक्षाएं—(1) पशु उपोत्पादों का, उनके पहुंचने के पश्चात् यथाशीघ्र प्रसंस्करण किया जाएगा। उनको प्रसंस्कृत किए जाने तक उचित रूप से भंडारित किया जाएगा।

(2) अप्रसंस्कृत सामग्री के परिवहन के लिए उपयोग में लाए गए आधानों, पात्रों और यानों को अभिहित क्षेत्र में साफ किया जाएगा। वह क्षेत्र ऐसी जगह स्थित या इस रूप में डिजाइन किया गया होगा जो प्रसंस्कृत उत्पादों के संदूषण की जोखिम को रोक सके।

(3) अस्वच्छ सेक्टर में काम करने वाले व्यक्तियों को स्वच्छ सेक्टर में उनके कार्य करने के समय पहने गए कपड़ों और जूतों को बदले बिना या उन्हें विसंक्रमित किए बिना प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन उपस्करों और बर्तनों को अस्वच्छ सेक्टर से स्वच्छ सेक्टर में तब तक नहीं ले जाया जाएगा जब तक उन्हें पहले साफ या विसंक्रमित नहीं कर दिया गया हो। उन दोनों क्षेत्रों में कार्मिकों के आने जाने को नियंत्रित करने के लिए और पैर धोने तथा पहियों को धोने की उचित उपयोग को विहित करने के लिए कार्मिक आवागमन प्रक्रिया स्थापित की जाएगी।

(4) अस्वच्छ सेक्टर में उत्पन्न अवशिष्ट जल को, जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो यह सुनिश्चित करने के लिए शोधित किया जाएगा कि कोई भी रोग जनक जीवित नहीं है।

(5) चिड़ियों, कृतंकों, रोगाणुओं और अन्य जीवों के विरुद्ध निवारक उपाय सुव्यवस्थित रूप से किए जाएंगे। लेखबद्ध नाशक जीव नियंत्रण कार्यक्रम उस प्रयोजन के लिए उपयोग में लिया जाएगा।

(6) परिसर के सभी भाग के लिए सफाई प्रक्रिया स्थापित और लेखबद्ध की जाएगी। सफाई के लिए उपयुक्त उपस्कर और सफाई अभिकर्ताओं की व्यवस्था की जाएगी।

(7) स्वास्थ्य संबंधी नियंत्रण में पर्यावरण और उपस्कर का नियमित निरीक्षण भी सम्मिलित होना चाहिए। निरीक्षण कार्यक्रम और उसके परिणाम कम से कम दो वर्ष के लिए लेखबद्ध और अनुरक्षित किए जाएंगे।

(8) सभी स्थापन और उपस्करों को अच्छी हालत में रखा जाएगा और उनकी मरम्मत की जाती रहेगी तथा नियमित अंतराल पर मापन उपस्कर और अनुशोधित किया जाएगा।

(9) प्रसंस्करण संयंत्र में प्रसंस्कृत उत्पाद का रख-रखाव और भंडारण इस प्रकार किया जाएगा जिससे पुन: संदूषण को रोका जा सके।

21. प्रसंस्करण पद्धति

पद्धति-1

(1) **लघुकरण** : प्रसंस्कृत किए जाने वाले पशु उपोत्पादों के टुकड़ों का आकार यदि पचास मिलीमीटर से अधिक है तो पशु उपोत्पादों के आकार को समुचित उपस्कर या सैट का उपयोग कर छोटा किया

जाएगा जिससे लघुकरण के पश्चात् टुकड़ों का आकार पचास मिलीमीटर से अधिक नहीं हो। उपस्कर की प्रभावशीलता की जांच प्रतिदिन की जाएगी और उसकी दशा को लेखबद्ध किया जाएगा। यदि जांच से टुकड़े पचास मिलीमीटर से बड़े पाए जाते हैं तो प्रसंस्करण प्रक्रिया रोक दी जाएगी और प्रसंस्करण प्रक्रिया दोबारा आरम्भ करने से पूर्व उसकी मरम्मत की जाएगी।

(2) **समय, तापमान और दबाव :** पशु उपोत्पादों को छोटा करने के पश्चात् उनको कम से कम बीस मिनट तक संतृप्त वाष्प (1) द्वारा प्रस्तुत कम से कम तीन रोधिकाओं के दबाव पर "आत्यंतिक" बिना किसी रुकावट के 133 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर गर्म किया जाएगा, ताप उपचार एक मात्र प्रक्रम के रूप में या पूर्व या पश्चात्वर्ती प्रसंस्करण रोगाणुहीन प्रक्रिया के रूप में लागू किया जाएगा।

(3) प्रसंस्करण बैच में या निरन्तर पद्धति से किया जाएगा।

पद्धति 2

(1) **लघुकरण**—प्रसंस्करण किए जाने वाले पशु उत्पादों के टुकड़ों का आकार यदि एक सौ पचास मिलीमीटर से अधिक है तो पशु उपोत्पादों के आकार को समुचित उपस्कर या सैट का उपयोग कर छोटा किया जाएगा जिससे लघुकरण के पश्चात् टुकड़ों का आकार एक सौ पचास मिलीमीटर से अधिक नहीं हो । उपस्कर की प्रभावशीलता की जांच प्रतिदिन की जाएगी और उसकी दशा को लेखबद्ध किया जाएगा। यदि जांच से टुकड़े एक सौ पचास मिलीमीटर से बड़े पाए जाते हैं तो प्रसंस्करण प्रक्रिया रोक दी जाएगी और प्रसंस्करण प्रक्रिया दोबारा आरम्भ करने से पूर्व उसकी मरम्मत की जाएगी।

(2) **समय, तापमान और दबाव**— लघुकरण के पश्चात् पशु उपोत्पाद को कम से कम एक सौ बीस मिनट तक 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर और कम से कम पचास मिनट तक 120 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमानं पर गर्म किया जाएगा।

(3) प्रसंस्करण बैच पद्धतियों में किया जाएगा।

(4) पशु उपोत्पादों को ऐसी रीति से पकाया जाएगा कि समय-तापमान अपेक्षाएं उसी समय दूर हो जाती हों।

पद्धति 3

(1) **लघुकरण**—प्रसंस्कृत किए जाने वाले पशु उत्पादों के टुकड़ों का आकार यदि तीस मिलीमीटर से अधिक है तो उपोत्पादों के आकार को समुचित उपस्कर या सैट का उपयोग कर छोटा किया जाएगा जिससे लघुकरण के पश्चात् टुकड़ों का आकार तीस मिलीमीटर से अधिक नहीं हो। उपस्कर की प्रभावशीलता की जांच प्रतिदिन की जाएगी और उसकी दशा को लेखबद्ध किया जाएगा। यदि जांच से टुकड़े तीस मिलीमीटर से बड़े पाए जाते हैं तो प्रसंस्करण प्रक्रिया रोक दी जाएगी और प्रसंस्करण प्रक्रिया दोबारा आरम्भ करने से पूर्व उसकी मरम्मत की जाएगी।

(2) **समय, तापमान और दबाव**—लघुकरण के पश्चात् पशु उपोत्पाद को कम से कम पचानवें मिनट तक 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर कम से कम पचपन मिनट तक 110 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर और कम से कम तेरह मिनट तक 120 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर गर्म किया जाएगा।

(3) प्रसंस्करण बैच में या निरन्तर पद्धतियों में किया जाएगा।

(4) पशु उपोत्पादों को ऐसी रीति से पकाया जाएगा कि समय-तापमान अपेक्षाएं उसी समय दूर हो जाती हों।

पद्धति 4

(1) **लघुकरण**—प्रसंस्कृत किए जाने वाले पशु उत्पादों के टुकड़ों का आकार यदि तीस मिलीमीटर से अधिक है तो पशु उपोत्पादों के आकार को समुचित उपस्कर या सैट का उपयोग कर छोटा किया जाएगा जिससे लघुकरण के पश्चात् टुकड़ों का आकार तीस मिलीमीटर से अधिक नहीं हो। उपस्कर की प्रभावशीलता की जांच प्रतिदिन की जाएगी और उसकी दशा को लेखबद्ध किया जाएगा। यदि जांच से टुकड़े तीस मिलीमीटर से बड़े पाए जाते हैं तो प्रसंस्करण प्रक्रिया रोक दी जाएगी और प्रसंस्करण प्रक्रिया दोबारा आरंभ करने से पूर्व उसकी मरम्मत की जाएगी।

(2) **समय, तापमान और दबाव**—लघुकरण के पश्चात् पशु उपोत्पाद को कम से कम सोलह मिनट तक 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान, पर कम से कम तेरह मिनट तक 110 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर, कम से कम आठ मिनट तक 120 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर और कम से कम तीन मिनट तक 130 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर गर्म किया जाएगा।

(3) प्रसंस्करण बैच में या निरन्तर पद्धतियों से किया जाएगा।

(4) पशु उपोत्पादों को ऐसी रीति से पकाया जाएगा कि समय-तापमान अपेक्षाएं उसी समय दूर हो जाती हों।

पद्धति 5

(1) **लघुकरण**—प्रसंस्कृत किए जाने वाले पशु उत्पादों के टुकड़ों का आकार यदि बीस मिलीमीटर से अधिक है तो पशु उपोत्पादों के आकार को समुचित उपस्कर या सैट का उपयोग कर छोटा किया जाएगा जिससे लघुकरण के पश्चात् टुकड़ों का आकार बीस मिलीमीटर से अधिक नहीं हो। उपस्कर की प्रभावशीलता की जांच प्रतिदिन की जाएगी और उसकी दशा को लेखबद्ध किया जाएगा यदि जांच से टुकड़े बीस मिलीमीटर से बड़े पाए जाते हैं तो प्रसंस्करण प्रक्रिया रोक दी जाएगी और प्रसंस्करण प्रक्रिया दोबारा आरम्भ करने से पूर्व उसकी मरम्मत की जाएगी।

(2) **समय, तापमान और दबाव**—लघुकरण के पश्चात् पशु उपोत्पाद को तब तक गर्म किया जाएगा जब तक कि वे जम न जाएं और तब प्रसंस्कृत किया जाएगा जिससे वसा और जल प्रोटीनयुक्त सामग्री से दूर हो जाएं। प्रोटीनयुक्त सामग्री को कम से कम एक सौ बीस मिनट तक 80 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर और कम से कम साठ मिनट तक 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक के कोर तापमान पर गर्म किया जाएगा।

(3) प्रसंस्करण बैच में या निरन्तर पद्धतियों से किया जाएगा।

(4) पशु उपोत्पादों को ऐसी रीति से पकाया जाएगा कि समय-तापमान अपेक्षाएं उसी समय दूर हो जाती हों।

पद्धति 6

1. सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कोई प्रसंस्करण पद्धति जहां उक्त प्राधिकारी को यह प्रदर्शित किया गया हो कि अंतिम उत्पाद का निम्नलिखित सूक्ष्म जैवीय मानकों के अनुसार एक माह की अवधि तक प्रतिदिन नमूना लिया गया है, अर्थात् :—

(क) ताप उपचार के पश्चात् सीधे लिए गए सामग्री के नमूने :

1 ग्राम उत्पाद में क्लोस्ट्रीडियम पर फ्रींजेंस अनुपस्थित नहीं है

(ख) प्रसंस्करण संयंत्र में भंडारण के दौरान या वहां से निकाले जाने पर लिए गए सामग्री के नमूने,

सालमोनैल्ला 25 ग्राम में अनुपस्थित : n =5, C= O m = O M = O

एंटोवैक्ट्रियासी : 1 ग्राम में n = 5, C = 2, m = 10, M = 300

जहां

n = परीक्षण किये जाने वाले नमूनों की संख्या,

m = बैक्टेरिया की संख्या के लिए प्रारम्भ मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि सभी नमूनों में बैक्टेरिया की संख्या m से अधिक नहीं है,

M = बैक्टेरिया की संख्या के लिए अधिकतम मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि एक या अधिक नमूनों में बैक्टेरिया की संख्या M या उससे अधिक है, और

C = नमूनों की संख्या जिनके बैक्टेरिया की गिनती m और M के बीच में हो सकती है, नमूना अब भी स्वीकार है यदि अन्य नमूनों के बैक्टेरिया की गिनती m या उससे कम है।

2. (क) संकट नियंत्रण बिन्दुओं का ब्यौरा, जिनके अधीन प्रत्येक प्रसंस्करण संयंत्र सूक्ष्म जैवीय मानकों का पालन करता है, लेखबद्ध और अनुरक्षित किए जाएंगे जिससे स्वामी, प्रचालक या उनका प्रतिनिधि और सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करण संयंत्र के प्रचालन की मानीटरी कर सकें।

(ख) अभिलिखित और मानीटरी की गई सूचना के अंतर्गत टुकड़ों का आकार, संकट तापमान और जैसा उपयुक्त हो, आत्यांतिक समय, दबाव प्रोफाइल, कच्ची सामग्री पोषण दर और वसा पुन: चक्रण दर भी है।

3. उक्त जानकारी आयोग को अनुरोध किए जाने पर उपलब्ध कराई जाएगी।

22. उत्पादन का पर्यवेक्षण (1) सक्षम प्राधिकारी इन नियमों की अपेक्षाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रसंस्करण संयंत्रों का पर्यवेक्षण करेगा और विशेषत :—

(क)

(i) परिसरों, उपस्कर और कर्मचारिवृंद की स्वास्थ्य संबंधी साधारण दशाओं की जांच करेगा ;

(ii) संयंत्र द्वारा इन नियमों के अनुसार की गई स्वयं की जांच की दक्षता की जांच करेगा । विशेषकर परिणामों की परीक्षा करके और, नमूने लेकर जांच करेगा;

(iii) प्रसंस्करण के पश्चात् उत्पाद के मानकों की जांच करेगा। विश्लेषण और परीक्षण वैज्ञानिक रूप से मान्यता प्राप्त पद्धतियों के अनुसार; (विशेषत: तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अधिकथित पद्धतियां या जहां कोई पद्धति विद्यमान न हो वहां मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय मानकों या उनके अभाव में राष्ट्रीय मानकों के अनुसार) किए जाएंगे, और

(iv) भंडारण दशाओं की जांच करेगा,

(ख) प्रयोगशाला परीक्षणों के लिए अपेक्षित नमूने लेगा, और

(ग) ऐसी अन्य जांच करेगा जिन्हें वह इन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समझे।

(2) सक्षम प्राधिकारी की, पैरा-1 के अधीन अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए उसे अनुज्ञात करने हेतु हर समय प्रसंस्करण संयंत्र के सभी हिस्सों में और अभिलेखों, वाणिज्यिक दस्तावेजों और स्वास्थ्य प्रमाण पत्रों तक निर्मुक्त पहुंच होगी।

23. विधि मान्यकरण प्रक्रियाएं (1) सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करण संयंत्रों का निम्नलिखित प्रक्रियाओं के अनुसार संकेतकों के अनुसार विधिमान्य करेगा, अर्थात् :

(क) प्रक्रिया का ब्यौरा (प्रसंस्करण बहाव आरेखन द्वारा),

(ख) संकट नियंत्रण बिन्दुओं की पहचान जिसके अंतर्गत निरंतर पद्धति के लिए सामग्री प्रसंस्करण दर भी है,

(ग) इन नियमों द्वारा अधिकथित विनिर्दिष्ट प्रसंस्करण अपेक्षाओं का पालन, और

(घ) निम्नलिखित अपेक्षाओं की प्राप्ति अर्थात् :—

(i) बैच दबाव, प्रसंस्करण और निरंतर प्रसंस्करण के लिए टुकड़ों का आकार-मिन्सर होल या एंविल गैप आकार द्वारा नियत, और

(ii) इन नियमों द्वारा यथा विनिर्दिष्ट तापमान, दबाव, प्रसंस्करण समय और सामग्री प्रसंस्करण दर (केवल निरंतर पद्धति के लिए)।

(2) बैच दबाव पद्धति की दशा में —

(क) तापमान की स्थायी थर्मोकपल से मानिटरी की जाएगी और उसे वास्तविक समय के विरुद्ध अंकित किया जाएगा,

(ख) दबाव प्रक्रम की स्थायी दबाव गेज से मानिटरी की जाए। दबाव को वास्तविक समय के विरुद्ध अंकित किया जाएगा,

(ग) प्रसंस्करण समय को समय/तापमान और समय/दबाव आरेखन द्वारा दर्शित किया जाएगा,

(घ) कम से कम वर्ष में एक बार थर्मोकपल और दबाव गेज को खोलकर सफाई की जाएगी।

(3) निरंतर दबाव पद्धति की दशा में—

(क) तापमान और दबाव की प्रसंस्करण पद्धति के दौरान निश्चित स्थितियों पर प्रयुक्त थर्मोकपल या अनवरत तापमान गन और दबाव गेज से इस रूप में मानिटरी की जाएगी के तापमान और दबाव संपूर्ण निरंतर पद्धति या उसके किसी खंड के भीतर अपेक्षित दशाओं के अनुरूप हों। तापमान और दबाव को वास्तविक समय के विरुद्ध अंकित किया जाएगा,

(ख) निरंतर पद्धति के सभी सुसंगत भागों के भीतर न्यूनतम अभिवहन समय का माप, जहां तापमान और दबाव अपेक्षित दशाओं के अनुरूप हों, सक्षम प्राधिकारियों को अवलेय चिन्हों (उदाहरणार्थ मैग्नीज डायोक्साइड) का उपयोग करके या ऐसी पद्धति से उपलब्ध कराया जाएगा जो समान गारंटी देती हो। सामग्री प्रसंस्करण दर का सही मापन और नियंत्रण आवश्यक है और संकट नियंत्रण बिन्दु के संबंध में विद्यमान्यकरण परीक्षण के दौरान मापा जाएगा जो निरंतर रूप से मानिटर किया जा सके, अर्थात : —

(i) प्रति मिनट फीड स्क्रू रिवोल्यूशनय,

(ii) विद्युत शक्ति (दिए गए वोल्टेज पर ऐम्पियर)

(iii) वाष्पन/संघनन, दर, या

(iv) प्रति यूनिट समय पंप स्ट्रोक की संख्या

(ग) सभी मापक और मानिटरी उपस्कर की कम से कम वर्ष में एक बार खोलकर सफाई की जाएगी।

(4) सक्षम प्राधिकारी विधिमान्यकरण प्रक्रिया को सावधिक रूप से दोहराएगा जब वह आवश्यक समझे और प्रत्येक समय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जाएं (उदाहरणार्थ मशीनरी में उपांतरण या कच्ची सामग्री में परिवर्तन)

(5) इन नियमों के अधीन अधिकथित परीक्षण पद्धतियों पर आधारित विद्यमान्यकरण प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।

अध्याय-6

प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन और ऐसे अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों की, जो पोषक सामग्री के रूप में प्रयुक्त की जा सकती है, प्रसंस्करण और विपणन के लिए स्वास्थ्य संबंधी विनिर्दिष्ट अपेक्षाएं

24. प्रवर्ग 3 के प्रसंस्करण संयंत्रों के अनुमोदन के लिए विनिर्दिष्ट अपेक्षाएं

अ. परिसर—(1) प्रवर्ग 3 की सामग्री के प्रसंस्करण के लिए परिसर उसी स्थान पर नहीं होंगी जिस पर प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 सामग्री के प्रसंस्करण के लिए परिसरें हैं जब तक कि उनके लिए पूर्ण रूप से पृथक भवन न हो।

(2) सक्षम प्राधिकारी प्रवर्ग 3 के प्रसंस्करण संयंत्रों के प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 की सामग्री के प्रसंस्करण के लिए अस्थायी उपयोग को उस दशा में प्राधिकृत कर सकेगा जब कोई पशु महामारी फैल गया हो गया अन्य असाधारण और अप्रत्याशित परिस्थितियां विद्यमान हों जिससे प्रवर्ग 1 या प्रवर्ग 2 के प्रसंस्करण संयंत्र की क्षमता में कमी आ गई हैं।

(3) सक्षम प्राधिकारी प्रवर्ग 3 के प्रसंस्करण संयंत्र का, प्रवर्ग 3 की सामग्री का पुनः प्रसंस्करण किए जाने से पूर्व, इन नियमों के अनुसार पुनः अनुमोदन करेगा।

(4) प्रवर्ग 3 के प्रसंस्करण संयंत्रों में;—

(क) बाह्य सामग्री, जैसे पैकिंग सामग्री या धातु के टुकड़ों आदि के पशु उपोत्पादों में दबाव की जांच करने के लिए एक संस्थापन होगा, और

(ख) यदि उपचारित उत्पादों की मात्रा से सक्षम प्राधिकारी की नियमित या स्थायी उपस्थिति अपेक्षित हो तो निरीक्षण सेवा के अनन्य उपयोग के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित ताला लगाए जाने योग्य कक्ष उपलब्ध कराया जाएगा।

आ. कच्ची सामग्री—(1) प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन और अन्य पोषक सामग्री के उत्पादन के लिए केवल प्रवर्ग 3 की सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित सामग्री का उपयोग किया जाएगा।

(2) प्रसंस्करण से पूर्व पशु उपोत्पादों की बाह्य पदार्थ की उपस्थिति के लिए जांच की जाएगी। जब कोई बाह्य पदार्थ मौजूद हो तो उसको तत्काल हटाया जाएगा।

इ. प्रसंस्करण मानक—(1) ऐसे संकट बिन्दुओं की, जो प्रसंस्करण में उपयोजित ताप उपचारों की सीमा अवधारित करते हैं, प्रत्येक प्रसंस्करण पद्धति के लिए इन नियमों में विनिर्दिष्ट रूप में पहचान की जाएगी और संकट बिन्दुओं में कम से कम निम्नलिखित सम्मिलित है :

(क) कच्ची सामग्री के टुकड़ों का आकार,

(ख) ताप उपचार प्रक्रिया में प्राप्त तापमान,

(ग) यदि लागू हो तो कच्ची सामग्री को उपयोजित दबाव, और

(घ) ताप उपचार प्रक्रिया की अवधि या निरंतर पद्धति में पोषक दर।

(2) प्रत्येक ल[illegible]ने वाले संकट नियंत्रण बिन्दु के लिए न्यूनतम प्रक्रिया के मानदंड विनि[illegible]ट किए जाएंगे।

(3) यह दर्शित करने के लिए कि प्रत्येक संकट नियंत्रण बिन्दु के लिए न्यूनतम प्रक्रिया के मानक लागू किए जाते हैं, अभिलेखों को कम से कम दो वर्ष के लिए अनुरक्षित रखा जाएगा।

(4) प्रसंस्करण दशाओं की निरंतर मानीटरी करने के लिए उपयुक्त रूप से अलग करके साफ किए गए गेज/रिकार्डर का उपयोग किया जाएगा। गेज/रिकार्डरों के अनुशोधन की तारीख दर्शित करने के लिए अभिलेख कम से कम दो वर्ष तक रखे जाएंगे।

(5) ऐसी सामग्री को जिसे विनिर्दिष्ट ताप उपचार प्राप्त न हुआ हो (उदाहरण के लिए प्रक्रिया आरंभ होने पर या कुकर से लीक होने पर सामग्री) ताप उपचार के माध्यम से पुनः चक्रित या संग्रहित या पुनः प्रसंस्कृत की जाएगी।

ई. प्रसंस्कृत उत्पाद (1) प्रसंस्करण संयंत्र पर भंडारण के दौरान या भंडारण से निकाले जाने पर अंतिम उत्पाद के लिए गए नमूने निम्नलिखित मानकों के अनुरूप होंगे, अर्थात् :—

सालमोनेल्ला : 25 ग्राम में अनुपस्थित : n = 5, c = 0, m = 0, M = 0,

एनट्रैबैक्टिरिया : 1 ग्राम में n = 5, C = 2, m = 10, M = 300

जहाँ

n = जांच किए जाने वाले नमूनों की संख्या

m = बैक्टिरिया की संख्या का अधिकतम मूल्य, जांच किए जाने वाले नमूनों, बैक्टिरिया की संख्या m यदि अधिक नहीं है तो परिणाम संतोषप्रद माना जाएगा।

M = बैक्टिरिया की संख्या का अधिकतम मूल्य परिणाम को संतोषप्रद नहीं माना जाएगा यदि एक या एक से अधिक नमूनों में M या उससे अधिक है, और

C = नमूनों की संख्या जिनके बैक्टेरिया या गिनना m और M के बीच हो सकती है, नमूना अब भी स्वीकार है यदि अन्य नमूनों के बैक्टेरिया की गिनती m या उससे कम है।

25. प्रसंस्करण पशु प्रोटीन के लिए विनिर्दिष्ट अपेक्षाएं

अ. प्रसंस्करण मानक

1. स्तनधारी प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथानिदेशित प्रसंस्करण पद्धति के अधीन होकर गुजारी जाएगी।
2. अस्तनधारी प्रसंस्कृत पशु प्रोटी, मत्स्यचूर्ण को छोड़ कर प्रसंस्करण पद्धति 1 से 6 में से किसी के अधीन होकर गुजारी जाएगी।
3. मत्स्यचूर्ण

(क) किसी प्रसंस्करण पद्धति के अधीन होकर गुजारा जाएगा;

या

(ख) ऐसी पद्धति या पैरामीटर के अधीन होकर गुजारी जाएगी जो यह सुनिश्चित करे कि उत्पाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथानिदेशित सूक्ष्मजैवीय मानकों का पालन करता है।

आ. भंडारण

(1) प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन नए या रोगाणु मुक्त बैगों में रखी और भंडारित की जाएगी या उचित रूप से संनिर्मित थोक धानियों में भंडारित की जाएगी।

(2) धानियों, वाहकों या उत्थापकों के भीतर संघनन को न्यून करने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएंगे।

(3) वाहकों उत्थापकों और धानियों में उत्पादों को आकस्मिक संदूषण से संरक्षित किया जाएगा।

(4) प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन का रखरखाव करने वाले उपस्कर स्वच्छ और शुष्क हालत में रखे जाएंगे और उनमें पर्याप्त निरीक्षण बिन्दु होंगे जिससे स्वच्छता के लिए उपस्कर की जांच की जा सके। सभी भंडारण सुविधाओं को उत्पादन की अपेक्षाओं के अनुसार नियमित रूप से खाली और साफ किया जाएगा।

(5) प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन को शुष्क रखा जाएगा। भंडारण क्षेत्र में रिसाव और संघनन को रोका जाएगा।

अध्याय-7

26. पालतू पशु खाद्य संयंत्रों और तकनीकी संयंत्रों के अनुमोदन के लिए अपेक्षाएं

कार्बनिक उर्वरक, भूमि संवर्धक और प्रवर्ग 2 की सामग्री से व्युत्पन्न वसा व्युत्पन्नी से भिन्न, पालतू पशु खाद्य और तकनीकी उत्पादों का प्रसंस्करण करने वाले संयंत्रों में,—

1. आवक सामग्री के पूर्ण सुरक्षा में भंडारण और उपचार के लिए पर्याप्त सुविधाएं होंगी, और
2. इन नियमों के अनुसार उत्पादों को उत्पादन के पश्चात् शेष अनुपयोजित पशु उपोत्पादों के व्ययन के लिए पर्याप्त सुविधाएं होंगी और सामग्री किसी प्रसंस्करण संयंत्र को या किसी भस्मीकरण या सह-भस्मीकरण संयंत्र को इन नियमों के अनुसार भेजी जाएगी।

27. पालतू पशु खाद्य के लिए अपेक्षाएं

(अ) प्रसंस्करण मानक

(1) डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य का न्यूनतम 3 के एफ सी मूल्य पर ताप उपचार किया जाएगा।

(2) डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य से भिन्न प्रसंस्कृत पालतू पशु खाद्य का उसके पूरे पदार्थ के साथ कम से कम 90 डिग्री सेंटीग्रेड का ताप उपचार किया जाएगा। उक्त उपचार के पश्चात्, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पूर्वावधानी बरती जाएगी कि उत्पादन के संदूषित होने की संभावना नहीं। उत्पाद नई पैकेजिंग में पैक किया जाएगा।

(3) कच्चा पालतू पशु खाद्य नई पैकेजिंग में ऐसे पैक किया जाएगा कि कोई रिसाव न हो। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे कि संपूर्ण उत्पादन श्रृंखला के दौरान और विक्रय बिन्दु तक उत्पाद संदूषित न हो पाए। पैकेजिंग पर सहज दृश्य और सुपाठ्य रूप में "केवल पालतू पशु खाद्य" शब्द प्रदर्शित किए जाएंगे।

(4) यह अनुपालन, कि उत्पाद निम्नलिखित मानकों के अनुरूप है, सत्यापित करने के लिए उत्पादन के दौरान और/या भंडारण के दौरान (भेजने से पहले) अकस्मात् नमूने लिए जाएंगे—

सालमोनेल्ला : 25 ग्राम में अनुपस्थित : n = 5, c = 0, m = 0, M = 0,

जहाँ

n = परीक्षण किए जाने वाले नमूनों की संख्या

m = बैक्टिरिया की संख्या के लिए प्रारम्भ मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि सभी नमूनों में बैक्टेरिया की संख्या एम से अधिक नहीं है,

M = बैक्टेरिया की संख्या के लिए अधिकतम मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि एक या अधिक नमूनों में बैक्टेरिया की संख्या एम या उससे अधिक है, और

C = नमूनों की संख्या जिनके बैक्टेरिया की गिनती एम और एम के बीच हो सकती है, नमूना तब भी स्वीकार्य समझा जाएगा यदि अन्य नमूनों के बैक्टेरिया की गिनती एम या उससे कम है।

(आ) निर्यात—निर्यात के लिए पालतू पशु खाद्य—

(क) सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित पालतू पशु खाद्य संयंत्रों से आएगा जो इन नियमों में अधिकथित विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करेगा;

(ख) इन नियमों के अनुसार प्रसंस्कृत किया जाएगा;

(ग) के साथ इन नियमों में यथाअपेक्षित प्रमाणपत्र होगा, अर्थात्—

(i) कच्चे पालतू पशु खाद्य की दशा में, प्ररुप 1 में प्रमाणपत्र

(ii) डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य से भिन्न प्रसंस्कृत पालतू पशु खाद्य की दशा में, प्ररुप 2 में प्रमाणपत्र;

(iii) डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य की दशा में, प्ररुप 3 में प्रमाणपत्र: और

(vi) प्ररुप 4 में पशु उपोत्पादों की दशा में, पालतू पशु खाद्य और तकनीकी के अंतर्गत प्ररुप 5 के प्रमाणपत्र वाले ओषधीय उत्पाद भी हैं।

प्ररुप-1

स्वास्थ्य प्रमाणपत्र

(नियम 4 और नियम 27 देखिए)

यूरोपीय समुदाय को भेजे जाने के लिए आशयित कच्चे पालतू पशु खाद्य के लिए

आयातकर्ता के लिए टिप्पण : यह प्रमाणपत्र केवल पशुओं के प्रयोजन के लिए है और यह, जब तक परेषण सीमा निरीक्षण चौकी पर नहीं पहुंच जाता, उसके साथ रहेगा।

इस प्रमाणपत्र की संदर्भ संख्या.....

गंतव्य देश.....(यू.एस. राज्य सदस्य का नाम)

निर्यात करने वाला देश.....

उत्तरदायी मंत्रालय.....

प्रमाणक विभाग .....

I-पालतू पशु खाद्य की पहचान

पालतू पशु निम्नलिखित प्रजातियों की कच्ची सामग्री से उत्पादित किया गया था :

पैकिंग की प्रकृति.....

पैकेज की संख्या.....

शुद्ध भार.....

लॉट/बैच उत्पादन संदर्भ संख्या.....

II-पालतू पशु खाद्य के उद्भव का स्थान :

अनुमोदित स्थापन का पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या.....

III-पालतू पशु खाद्य का गंतव्य स्थान :

पालतू पशु खाद्य .....(लदाई का स्थान) .....से (गंतव्य का देश और स्थान) .....

परिवहन के निम्नलिखित साधनों द्वारा.....

मुहर की संख्या (यदि लागू होती हो).....

माल भेजने वाले का नाम और पता.....

माल पाने वाले का नाम और पता.....

IV-स्वास्थ्य प्रमाणन

मैं, अधोहस्ताक्षरी, सरकारी पशु चिकित्सक, यह घोषणा करता हूं कि मैंने विनियम (यू.एस.) सं..... पढ़ा है और समझ लिया है तथा यह प्रमाणित करता हूं कि ऊपर वर्णित पालतू पशु खाद्य में,

1. उपरोक्त खण्ड (1) में उल्लिखित प्रजातियों से व्युत्पन्न पशु उपोत्पाद हैं और आयोग के विनिश्चय (विनिश्चयों)..... (1) में अधिकथित सुसंगत पशु स्वास्थ्य अपेक्षाओं को पूरा करता है,
2. ऐसे वध किए गए पशुओं के ही भाग हैं जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे किन्तु वाणिज्यिक कारणों से मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है,
3. वह विनियम (यू.स.) सं. .....के अनुच्छेद 18 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित और पर्यवेक्षित प्रसंस्करण संयंत्र में तैयार और भंडारित किया गया है,
4. पशु रोग जनक अभिकारकों से पुनः संदूषण से बचाने के लिए उसके साथ सभी पूर्वावधानियां बरती गई हैं,
5. किसी भी रिसाव को रोकने के लिए नयी पैकेजिंग में पैक किया गया था।

स्थान.....पर.....को किया गया।

मुहर (2) (तारीख)

.....

(सरकारी पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर)

.....

(नाम, अर्हता और पदनाम, बड़े अक्षरों में)

(1) तत्स्थानी प्रभावग्रहणशील घरेलू प्रजातियों के ताजे मांस के लिए सुसंगत और प्रभावी विनिश्चय (विनिश्चयों) की संख्या।

(2) हस्ताक्षर और मुहर मुद्रण के रंग से भिन्न रंग में होनी चाहिए।

प्ररूप-2

स्वास्थ्य प्रमाण पत्र

(नियम 4 और नियम 27 देखिए)

डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य से भिन्न ऐसे प्रसंस्कृत पालतू पशु खाद्य के लिए जो यूरोपीय समुदाय को भेजे जाने के लिए आशयित है।

आयातकर्ता के लिए टिप्पण : यह प्रमाणपत्र केवल पशुओं के प्रयोजन के लिए है और यह, जब तक परेषण सीमा निरीक्षण चौकी पर नहीं पहुँच जाता, उसके साथ रहेगा।

इस प्रमाणपत्र की संदर्भ संख्या .....

गंतव्य देश ..... (यू.एस. राज्य सदस्य का नाम)

निर्यात करने वाला देश .....

उत्तरदायी मंत्रालय .....

प्रमाणक विभाग .....

I. पालतू पशु खाद्य की पहचान

पालतू पशु खाद्य निम्नलिखित प्रजातियों की कच्ची सामग्री से उत्पादित किया गया था .....

पैकिंग की प्रकृति .....

पैकेज की संख्या .....

शुद्ध भार .....

लॉट/बैच उत्पादन संदर्भ संख्या .....

II. पालतू पशु खाद्य के उद्भव का स्थान

अनुमोदित स्थापन का पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या .....

III. पालतू पशु खाद्य का गंतव्य स्थान

पालतू पशु खाद्य ..... (लदाई का स्थान) .....से .....

..... (गंतव्य का देश और स्थान) .....

परिवहन के निम्नलिखित साधनों द्वारा .....

मुहर की संख्या (यदि लागू होती हो) .....

माल भेजने वाले का नाम और पता .....

माल पाने वाले का नाम और पता .....

IV. स्वास्थ्य प्रमाणन

मैं, अधोहस्ताक्षरी, सरकारी पशु चिकित्सक, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने विनियम (यू.एस.) संख्या ..... पढ़ा है और समझ लिया है तथा यह प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर वर्णित पालतू पशु खाद्य :—

1. विनियम (यू.एस.) सं. ..... के अनुच्छेद 18 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित और पर्यवेक्षित प्रसंस्करण संयंत्र में तैयार भंडारित किया गया है,

2. अनन्य रूप से निम्नलिखित पशु उपोत्पादों से तैयार किया गया है :—

निम्नलिखित पशु उत्पादों से अनन्य रूप से तैयार किये जायेंगे।

(क) वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग, जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे किन्तु वाणिज्यिक कारणों से मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं।

(ख) वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त न होने के कारण अस्वीकार कर दिए गए थे किन्तु मानवों या पशुओं को संचारी रोगों के किसी लक्षण से प्रभावित नहीं थे और ऐसे पशु शवों से व्युत्पन्न थे जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे।

(ग) ऐसे पशुओं से उत्पन्न खाल और चमड़ी, हूब्स और सींग, सुअर के बाल और फर जो किसी वधशाला में वध किए गए थे, जिनका मृत्यु पूर्व निरीक्षण किया गया था और उस निरीक्षण के परिणाम के अनुसार वे समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे।

(घ) जुगाली करने वाले पशुओं से भिन्न ऐसे पशुओं से अभिप्राप्त रक्त जिनका वधशाला में वध किया गया था उनका मृत्यु पूर्व निरीक्षण किया गया था और ऐसे निरीक्षण के परिणामस्वरूप वे समुदाय के विधान के अनुसार वध किए जाने के लिए उपयुक्त थे।

(ङ) मानव उपभोग के लिए आशयित उत्पादों के उत्पादन से व्युत्पन्न पशु उपोत्पाद जिनमें चर्बी निकाली गई हड्डियां और चर्बी का तन्तुयुक्त असार भाग भी है।

(च) पशु मूल के पूर्व खाद्य पदार्थ या पशु मूल के उत्पादों से युक्त पूर्व खाद्य पदार्थ, खान-पान अवशिष्ट से भिन्न, जो वाणिज्यिक कारणों से या विनिर्माण या पैकेजिंग कमियों की समस्या के कारण या ऐसी अन्य कमियों के कारण जो मानवों या पशुओं के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करती है, अब मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है।

(छ) ऐसे पशुओं से उत्पन्न कच्चा दुग्ध जिनमें उस उत्पाद के जरिए मानवों या पशुओं को संचारी किसी रोग के क्लीनीकल लक्षण दर्शित नहीं होते हैं।

(ज) मत्स्य चूर्ण के उत्पादन के प्रयोजन के लिए खुले समुद्र में पकड़ी गई, समुद्री स्तनधारियों के सिवाय, मछली या अन्य समुद्री पशु।

(झ) मानव उपभोग के लिए मत्स्य उत्पाद का विनिर्माण करने वाले संयंत्रों से मछली से ताजे उपोत्पाद।

(ञ) ऐसे पशुओं से, जिनमें उस उत्पाद के जरिए मानवों या पशुओं को संचारी किसी रोग के क्लीनीकल लक्षण दर्शित नहीं होते हैं, खोपड़ी (शंख) अंडज उपोत्पाद और उत्पन्न टूटे अण्डों के उपोत्पाद।

3. उसका, उसके संपूर्ण पदार्थ के साथ कम से कम 90 डिग्री सेल्सियस पर ताप उपचार किया गया है।

4. प्रसंस्करण संयंत्र में भंडारण के दौरान या उसके पश्चात् लिए गए प्रत्येक प्रसंस्कृत बैच के कम से कम पांच नमूनों की अक्समात् सैम्पल लेकर विश्लेषण किया गया था और वे निम्नलिखित मानकों (1) के अनुरुप हैं।

सलमौनेला : 25 ग्राम में अनुपस्थिति $n = 5, c = 0, m = 0, M = 0$,

एन्टोवैक्टेरियासी : 1 ग्राम में $n = 5, c = 2, m = 10, M = 300$

जहाँ :

n = परीक्षण किये जाने वाले नमूनों की संख्या

m = बेक्टैरिया की संख्या के लिए प्रारम्भिक मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि सभी नमूनों में बेक्टैरिया की संख्या एम से अधिक नहीं है,

M = बेक्टैरिया की संख्या के लिए अधिकतम मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि एक या अधिक नमूनों में बेक्टैरिया की संख्या एम या उससे अधिक है, और

c = नमूनों की संख्या जिनके बेक्टैरिया की गिनती एम और एम के बीच हो सकती है। नमूना तब भी स्वीकार्य समझा जाएगा यदि अन्य नमूनों के बेक्टैरिया की गिनती एम या उससे कम है।

5. उपचार के पश्चात् पशु रोग जनक अभिकारकों से पुनः संदूषण से बचाने के लिए सभी पूर्वावधानियां बरती गई हैं, और

6. नई पैकेजिंग में पैक किया गया था।

..... (स्थान) पर ..... (तारीख) ..... को किया गया

मुहर

(सरकारी पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर)

(1)

(नाम, अर्हता और पदनाम, बड़े अक्षरों में)

(1) हस्ताक्षर और मुहर मुद्रण के रंग से भिन्न रंग में होनी चाहिए।

प्ररूप-3

स्वास्थ्य प्रमाणपत्र

(नियम 4 और नियम 2 देखिए)

यूरोपीय समुदाय को भेजे जाने के लिए आशयित डिब्बा बंद पालतू पशु खाद्य के लिये

आयातकर्ता के लिए टिप्पण : यह प्रमाणपत्र केवल पशुओं के प्रयोजन के लिए है और यह, जब तक परेषण सीमा निरीक्षण चौकी पर नहीं पहुँच जाता, उसके साथ रहेगा।

इस प्रमाणपत्र की संदर्भ संख्या .....

गंतव्य देश ..... (यू.एस. राज्य सदस्य का नाम)

निर्यात करने वाला देश .....

उत्तरदायी मंत्रालय .....

प्रमाणक विभाग .....

I- पालतू पशु खाद्य की पहचान

पालतू पशु खाद्य निम्नलिखित प्रजातियों की कच्ची सामग्री से उत्पादित किया गया था .....

पैकिंग की प्रकृति .....

पैकेज की संख्या .....

शुद्ध भार .....

लॉट/बैच उत्पादन संदर्भ संख्या .....

II- पालतू पशु खाद्य के उद्भव का स्थान

अनुमोदित स्थापन का पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या .....

III- पालतू पशु खाद्य का गंतव्य स्थान

पालतू पशु खाद्य ..... (लदाई का स्थान) .....से .....

..... (गंतव्य का देश और स्थान) .....

परिवहन के निम्नलिखित साधनों द्वारा .....

मुहर की संख्या (यदि लागू होती हो) .....

माल भेजने वाले का नाम और पता .....

माल पाने वाले का नाम और पता .....

IV- स्वास्थ्य प्रमाणन

मैं, अधोहस्ताक्षरी, सरकारी पशु चिकित्सक, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने विनियम (यू.एस.) संख्या ..... पढ़ा है और समझ लिया है तथा यह प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर वर्णित पालतू पशु खाद्य :—

3. विनियम (यू.एस.) सं. ..... के अनुच्छेद 18 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित और पर्यवेक्षित प्रसंस्करण संयंत्र में तैयार और भंडारित किया गया है,

4. अनन्य रूप से निम्नलिखित पशु उपोत्पादों से तैयार किया गया है :—

निम्नलिखित पशु उपोत्पादों से अनन्य रूप से तैयार किये जायेंगे।

(क) वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग, जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे किन्तु वाणिज्यिक कारणों से मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं।

(ख) वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त न होने के कारण अस्वीकार कर दिए गए थे किन्तु मानवों या पशुओं को संचारी रोगों के किसी लक्षण से प्रभावित नहीं थे और ऐसे पशु शवों से व्युत्पन्न थे जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे।

(ग) ऐसे पशुओं से उत्पन्न खाल और चमड़ी, हूब्स और सींग, सुअर के बाल और फर जो किसी वधशाला में वध किए गए थे, जिनका मृत्यु पूर्व निरीक्षण किया गया था और उस निरीक्षण के परिणाम के अनुसार वे समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे।

(घ) जुगाली करने वाले पशुओं से अभिप्राप्त रक्त जिनका वधशाला में वध किया गया था उनका मृत्यु पूर्व निरीक्षण किया गया था और ऐसे निरीक्षण के परिणामस्वरूप वे समुदाय के विधान के अनुसार वध किए जाने के लिए उपयुक्त थे।

(ङ) मानव उपभोग के लिए आशयित उत्पादों के उत्पादन से व्युत्पन्न पशु उपोत्पाद जिनमें चर्बी निकाली गई हड्डियां और चर्बी का तन्तुयुक्त असार भाग भी है।

(च) पशु मूल के पूर्व खाद्य पदार्थ या पशु मूल के उत्पादों से युक्त पूर्व खाद्य पदार्थ, खान-पान अवशिष्ट से भिन्न, जो वाणिज्यिक कारणों से या विनिर्माण या पैकेजिंग कमियों की समस्या के कारण या ऐसी अन्य कमियों के कारण जो मानवों या पशुओं के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करती है, अब मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है।

(छ) ऐसे पशुओं से उत्पन्न कच्चा दुग्ध जिनमें उस उत्पाद के जरिए मानवों या पशुओं को संचारी किसी रोग के क्लीनीकल लक्षण दर्शित नहीं होते हैं।

(ज) मत्स्य चूर्ण के उत्पादन के प्रयोजन के लिए खुले समुद्र में पकड़ी गई, समुद्री स्तनधारियों के सिवाय, मछली या अन्य समुद्री पशु।

(झ) मानव उपभोग के लिए मत्स्य उत्पाद का विनिर्माण करने वाले संयंत्रों से मछली से ताजे उपोत्पाद।

(ण) ऐसे पशुओं से, जिनमें उस उत्पाद के जरिए मानवों या पशुओं को संचारी किसी रोग के क्लीनीकल लक्षण दर्शित नहीं होते हैं, खोपड़ी (शंख) अंडज उपोत्पाद और उत्पन्न टूटे अण्डों के उपोत्पाद,

3. उसका, उसके संपूर्ण पदार्थ के साथ कम से कम 90 डिग्री सेल्सियस पर ताप उपचार किया गया है,

4. उसका, संपूर्ण परेषण का जैसा कि बिन्दु 1 के अधीन पूर्वाभाषित है, पर्याप्त ताप उपचार सुनिश्चित करने के लिए प्रयोगशाला द्वारा निदान-विद्या के तरीके से प्रत्येक प्रसंस्कृत बैच से कम से कम पांच आधानों का अकस्मात् नमूना लेकर विश्लेषण किया गया था, और

5. उपचार के पश्चात् पशु रोग जनक अभिकारकों से पुनः संदुषण से बचाने के लिए सभी पूर्वावधानियां बरती गई हैं, और

..... (स्थान) पर ..... (तारीख) ..... को किया गया

मुहर

(1) (सरकारी पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर)

(नाम, अर्हता और पदनाम, बड़े अक्षरों में)

(1) हस्ताक्षर और मुहर मुद्रण के रंग से भिन्न रंग में होनी चाहिए।

प्ररूप-4

(नियम 4 और नियम 27 देखिए)

कतिपय पशु उपोत्पादों और उनसे व्युत्पन्न उत्पादों का तीसरे देशों से आयात के लिए आदर्श स्वास्थ्य प्रमाणपत्र

स्वास्थ्य प्रमाणपत्र

यूरोपीय समुदाय को भेजे जाने के लिए आशयित ऐसा प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन के लिए, जो मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है, जिसके अंतर्गत ऐसे प्रोटीन से युक्त पालतू पशु खाद्य से भिन्न मिश्रण और उत्पाद भी है।

आयातकर्ता के लिए टिप्पण : यह प्रमाणपत्र केवल पशुओं के प्रयोजन के लिए है और यह, जब तक परेषण सीमा निरीक्षण चौकी पर नहीं पहुँच जाता, उसके साथ रहेगा।

इस प्रमाणपत्र की संदर्भ संख्या .....

गंतव्य देश ..... (यू.एस. सदस्य देश का नाम)

निर्यात करने वाला देश .....

उत्तरदायी मंत्रालय .....

प्रमाणक विभाग .....

I. प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन या उत्पाद की पहचान

प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन या उत्पाद की प्रकृति

प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन निम्नलिखित प्रजातियों से उत्पादित किया गया था .....

पैकिंग की प्रकृति .....

पैकेज की संख्या .....

शुद्ध भार .....

लॉट/बैच उत्पादन संदर्भ संख्या .....

II. प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन या उत्पाद के उद्भव का स्थान

अनुमोदित स्थापन का पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या .....

III. प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन या उत्पाद का गंतव्य स्थान

प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन या उत्पाद ..... (लदाई का स्थान) .....से .....

..... (गंतव्य का देश और स्थान).....

परिवहन के निम्नलिखित साधनों द्वारा .....

मुहर की संख्या (यदि लागू होती हो) .....

माल भेजने वाले का नाम और पता .....

माल पाने वाले का नाम और पता .....

IV. स्वास्थ्य प्रमाणन

मैं, अधोहस्ताक्षरी, सरकारी पशु चिकित्सक, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने विनियम (यू.एस.) संख्या ..... पढ़ा है और समझ लिया है तथा यह प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर वर्णित प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन या उत्पाद में अनन्यरूप से या आंशिक रूप से ऐसा प्रसंस्कृत पशु प्रोटीन अंतर्विष्ट है जो मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है :

(क) विनियम (यू.एस.) सं. ..... के अनुच्छेद 18 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित और पर्यवेक्षित प्रसंस्करण संयंत्र में तैयार और भंडारित किया गया है,

(ख) यह अनन्य रूप से निम्नलिखित पशु उपोत्पादों से तैयार किया गया है :

(i) वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग, जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे किन्तु वाणिज्यिक कारणों से मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं।

(ii) वध किए गए ऐसे पशुओं के भाग जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त न होने के कारण अस्वीकार कर दिए गए थे किन्तु मानवों या पशुओं को संचरी रोगों के किसी लक्षण से प्रभावित नहीं थे और ऐसे पशु शवों से व्युत्पन्न थे जो समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे।

(iii) ऐसे पशुओं से उत्पन्न खाल और चमड़ी, हूब्स और सींग, सुअर के बाल और पर जो किसी वधशाला में वध किए गए थे, जिनका मृत्यु पूर्व निरीक्षण किया गया था और उस निरीक्षण के परिणाम के अनुसार वे समुदाय के विधान के अनुसार मानव उपभोग के लिए उपयुक्त थे।

(iv) जुगाली करने वाले पशुओं से अभिप्राप्त रक्त जिनका वधशाला में वध किया गया था उनका मृत्यु पूर्व निरीक्षण किया गया था और ऐसे निरीक्षण के परिणामस्वरूप वे समुदाय के विधान के अनुसार वध किए जाने के लिए उपयुक्त थे।

(v) मानव उपभोग के लिए आशयित उत्पादों के उत्पादन से व्युत्पन्न पशु उपोत्पाद जिनमें चर्बी निकाली गई हड्डियां और चर्बी का तन्तुयुक्त असार भाग भी है।

(vi) पशु मूल के पूर्व खाद्य पदार्थ या पशु मूल के उत्पादों से युक्त पूर्व खाद्य पदार्थ, खान-पान अवशिष्ट से भिन्न, जो वाणिज्यिक कारणों से या विनिर्माण या पैकेजिंग कमियों की समस्या के कारण या ऐसी अन्य कमियों के कारण जो मानवों या पशुओं के लिए कोई खतरा पैदा नहीं करती है, अब मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं है।

(vii) मत्स्य चूर्ण के उत्पादन के प्रयोजन के लिए खुली समुद्र में पकड़ी गई, समुद्री स्तनधारियों के सिवाय, मछली या अन्य समुद्री पशु।

(viii) मानव उपभोग के लिए मत्स्य उत्पाद का विनिर्माण करने वाले संयंत्रों से मछली से ताजे उपोत्पाद।

(ix) ऐसे पशुओं से, जिनमें उस उत्पाद के जरिए मानवों या पशुओं को संचारी किसी रोग के क्लीनीकल लक्षण दर्शित नहीं होते हैं, खोपड़ी (शंख) अंडज उपोत्पाद और उत्पन्न टूटे अण्डों के उपोत्पाद,

(ग) निम्नलिखित प्रसंस्करण मानकों के अध्यधीन तैयार किया गया है :—

— प्रसंस्करण से पूर्व 50 मिलीमीटर (1) से अनधिक के टुकड़ों के आकार के साथ संघनित वाष्प द्वारा उत्पादित कम से कम 3 रोधकों के दबाव (आत्यन्तिक) पर बिना किसी विघ्न के कम से कम 20 मिनट तक 133 डिग्री सें. से अधिक कोर तापमान पर गर्म करके, या

— मत्स्य चूर्ण से भिन्न अस्तनधारियों की दशा में, वह प्रसंस्करण पद्धति ..... जो विनियम (यू.स.) सं. (1) के उपाबंध 5 अध्याय 3 में वर्णित है, या

— मत्स्य चूर्ण की दशा में, उस प्रसंस्करण पद्धति के अनुसार जो विनियम (यू.स.) सं. (1) के उपाबंध 5 के अध्याय 3 में वर्णित है या उसके संपूर्ण पदार्थ को (1) कम से कम 800 सें. पर गर्म करके

(1) समुचित ब्यौरा

2 सक्षम प्राधिकारी ने भेजे जाने से ठीक पहले अकस्मात् लिए गए नमूने की जांच की और उसे निम्नलिखित मानकों (1) के अनुरूप पाया।

सलमौनेला : 25 ग्राम में अनुपस्थिति n = 5, C = 0, m = 0, M=O, M = 300,

एन्टोवैक्टेरियासी : 1 ग्राम में n = 5, C = 2, m = 10, M = 3000

3. अन्तिम उत्पाद :

— नए या विसंक्रमित बैगों (2) में पैक किया गया था, या

— ऐसे आधानों या परिवहन के अन्य साधनों में परिवहनित किया गया था जो पूर्ण रूप से उपयोग (2) से पूर्व सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित विसंक्रमणकारक से साफ और विसंक्रमित किए गए थे।

4. अन्तिम उत्पाद सटे हुए भांडागार में भंडारित किया गया था।

5 उपचार के पश्चात् पशु रोग जनक अभिकारकों से पुनः संदूषण से बचाने के लिए सभी पूर्वावधानियां बरती गई हैं, और

..... (स्थान) पर ..... (तारीख) ..... को किया गया

मुहर

(सरकारी पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर)

(1)

नाम, अर्हता और पदनाम, बडे अक्षरों में

जहाँ :

n = परीक्षण किये जाने वाले नमूनों की संख्या

m = बेक्टेरिया की संख्या के लिए प्रारम्भिक मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि एक या अधिक नमूनों में बेक्टेरिया की संख्या एम से अधिक नहीं है,

M = बेक्टेरिया की संख्या के लिए अधिकतम मूल्य, परिणाम संतोषजनक पाया जाता है यदि एक या अधिक नमूनों में बेक्टेरिया की संख्या एम या उससे अधिक है, और

C = नमूनों की संख्या जिनके बेक्टेरिया की गिनती एम और एम के बीच हो सकती है। यदि अन्य नमूनों के बेक्टेरिया की गिनती ए या उससे कम है।

(2) जहां उपयुक्त हो, लोप करें।

(3) हस्ताक्षर और मुहर मुद्रण के रंग से भिन्न रंग में होनी चाहिए।

प्ररूप 5

(नियम 4 और नियम 27 देखिए)

पालतू पशु खाद्य या तकनीकी उत्पादों के विनिर्माण के लिए पशु उपोत्पाद जिसके अंतर्गत यूरोपीय समाज को प्रेषण के लिए आशयित भेषजीय उत्पाद भी हैं।

आयातकर्ता के लिए टिप्पण : यह प्रमाणपत्र केवल पशु चिकित्सा प्रयोजनों के लिए है और यह तब तक प्रेषण के साथ रहेगा जब तक यह सीमा निरीक्षण चौकी पर नहीं पहुँच जाता है।

इस प्रमाणपत्र की संदर्भ संख्या .....

गंतव्य देश .....

(यूरोपिय राज्य का नाम)

निर्यातकर्ता देश : .....

उत्तरदायी मंत्रालय : .....

प्रमाणकर्ता विभाग : .....

I. पशु उपोत्पादों की पहचान

पशु उपोत्पादों और प्रजातियों की प्रकृति .....

पैकेजिंग की प्रकृति .....

भागों और पैकेजों की सं. .....

शुद्ध भार .....

लॉट/बैच उत्पादन संदर्भ सं. .....

II. पशु उपोत्पादों का मूल उद्गम .....

अनुमोदित स्थापन का पता और रजिस्ट्रीकरण संख्या .....

III. पशु उपोत्पादों का गन्तव्य स्थान :

पशु उपोत्पादों को :

..... से .....

(लदाई का स्थान)

..... को .....

(गन्तव्य देश और स्थान)

निम्नलिखित परिवहन के तरीकों द्वारा : .....

मुद्रा की सं. (यदि लागू हों) : .....

प्रेषक का नाम और पता : .....

परेषिती का नाम और पता : .....

भेजे जाएंगे

IV. स्वास्थ्य प्रमाणन

मैं अधोहस्ताक्षरी पदधारी चिकित्सक, घोषणा करता हूँ कि ऊपर वर्णित पशु उपोत्पाद:

1. में ऊपर धारा (1) में निर्दिष्ट प्रजातियों से व्युत्पन्न पशु उपोत्पाद हैं और कमीशन विनिश्चय(यों) ..... (1) में अधिकथित सुसंगत स्वास्थ्य अपेक्षाओं को पूरा करते हैं,

2. में केवल वध किए गए पशुओं के भाग हैं जो सामुदायिक विधान के अनुसरण में मानव उपभोग के लिए उपयुक्त हैं किन्तु वाणिज्यिक कारणों के लिए मानव उपभोग के लिए आशयित नहीं हैं,

3. संयंत्र या मूल स्थान पर अति हिमशीतित किए गए हैं,

4. रोगजनक अभिकर्ताओं से संदूषण से बचने के लिए सभी सावधानियां बरता गयी हैं, और

5. रिसन को निवारित करते हुए नए पैकेजों में पैक किए गए थे।

..... स्थान पर ..... तारीख को किया गया।

स्टाम्प (2)

.....

(पदधारी पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर)

.....

1. तत्समान सुग्राह्य घरेलू प्रजातियों के ताजे मांस के लिए सुसंगत और चालू विनिश्चय (यों) को सम्मिलित किया जाना चाहिए।

2. हस्ताक्षर और स्टाम्प मुद्रण के विभिन्न रंगों में होनी चाहिए।

[फा. सं. 6/5/2002-ई आई एण्ड ई पी]

राज सिंह, निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

ORDER

New Delhi, the 18th November, 2004

S.O. 3078.— Whereas, the Central Government is empowered under Section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) to do certain things with regard to quality control and inspection and is of the opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of export trade of India, that pet food and animal by-products not intended for human consumption should be subject to quality control and inspection for export;

And whereas it is necessary to maintain the highest quality standards and health requirements covered under the regulation (EC) No. 1774/2002 of the European Parliament and the Council dated 3rd October, 2002;

And whereas, provision should, therefore, be made for procedure for monitoring to ensure the above conditions of equivalence;

And whereas, the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council, as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said rule, the Central Government hereby publishes the said proposals for information of the general public to be affected thereby, and notice is hereby given that any person who is desirous of making any objection or suggestion with respect to the said proposals may forward the same within thirty days of the date of publication of this Order in the Official Gazette to the Export Inspection Council of India 3rd Floor, New Delhi, YMCA Cultural Centre Building, 1, Jai Singh Road, New Delhi–110001 for its consideration.

PROPOSALS

1. to notify that pet food and animal by-products not intended for human consumption shall be subject to quality control or inspection prior to export;

2. to specify the type of quality control and inspection in accordance with the draft Export of Pet Food and Animal By-Products not intended for human consumption (Quality Control, Inspection and Monitoring) Rules, 2004 set out in the Annexure appended to this Order;

3. to recognise the specifications as set out in Schedule as appended to this Order as the standard specification for pet food and animal by-products not intended for human consumption; and

4. to prohibit the export of pet food and animal by-products not intended for human consumption by a unit in the course of international trade unless it conforms to the standard specification applicable to it and is accompanied by a certificate stating that such unit is approved and monitored by the agency established under Sub-section (1) of Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

SCHEDULE

1. All approved units shall conform to the requirements as prescribed in the enclosed Annexure.

2. Specification for pet food and animal by-products not intended for human consumption recognised as per section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 shall be—

(a) (i) national standards of the importing country; or

(ii) contractual specifications agreed to between the foreign buyer and the exporters provided that the same is satisfying the health requirements of the importing countries;

(b) in the absence of (a) above, any standards on pet food and animal by-products formulated by an Expert Committee consisting of the following members shall be made applicable :

(i) representative from Export Inspection Agency/Export Inspection Council (Convenor);

(ii) representative from the Marine Products Export Development Authority (MPEDA); or the Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) as the case may be;

(iii) representative from the Central Institute of Fisheries Technology – Cochin (CIFT); or the National Dairy Research Institute (NDRI) as the case may be;

(iv) representative from the trade;

(c) in either case the unit shall also comply the requirements as per enclosed Chapter I to VII.

ANNEXURE

DRAFT RULES PROPOSED TO BE MADE UNDER SECTION 17 OF THE EXPORT (QUALITY CONTROL AND INSPECTION) ACT, 1963 (22 of 1963)

PRELIMINARY

1. **SHORT TITLE AND COMMENCEMENT.**— (1) These rules may be called the Export of Pet Food and Animal By-Products not intended for human consumption (Quality Control, Inspection and Monitoring) Rules, 2004.

(2) They shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette;

2. **DEFINITIONS.**— For the purpose of these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) **"Act"** means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963);

(b) **"Agency"** means any one of the Export Inspection Agency at Mumbai, Kolkata, Kochi, Delhi and Chennai established under sub section (1) of section 7 of the Act;

(c) **"animal waste"** means carcasses or part of animals or fish, or products of animal origin not intended for direct human consumption, with the exception of animal excreta and catering waste;

(d) **"animal by-products"** means entire bodies or parts of animals or products of animal origin referred to in Category 1 material, Category 2 material, Category 3 material, not intended for human consumption, including ova, embryos and semen;

(e) **"animal"** means any vertebrate or invertabrate animal (including fish, reptiles and amphibians);

(f) **"Council"** means Export Inspection Council established under section 3 of the Act;

(g) **"competent authority"** means the Export Inspection Agencies (EIAs) at Mumbai, Kolkata, Chennai, Delhi and Kochi established under section 7 of the Act;

